# शाह टाइम्स

26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY

नई दिल्ली, सोमवार 26 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 296 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


### जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। फिल्मों के लिए काम और मुशायरों के सिलसिले में पूरी दुनिया में आने-जाने वाले श्री फराज मुंबई एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहीं उनके सीने में तेज दर्द हुआ और एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ताहिर फराज मंच के मकबूल शायर थे। उनकी गजलें सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती थी। उन्होंने फिल्मों के लिए भी गाने लिखे और उनकी गजलों को जगजीत सिंह जैसे गायकी के उस्तादों ने आवाज दी।

# 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी / एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के एकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी है। उन्हें पांडुन का कड़ा के 2500 से ज्यादा दोहे याद हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।



**धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान**

**शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान**

## बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है।

साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने। उन्होंने कहा कि 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आंतरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारे देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों के दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने कहा कि इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।



**गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं: भारत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

## गणतंत्र दिवस पर 982 पुलिस कर्मियों को सेवा मेडल

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 33 वीरता पदक मिले हैं।

## मन की बात- नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है।

लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रोडक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा। पीएम ने कहा कि जैसे हम जन्मदिन मनाते हैं उसी तरह, जब भी कोई युवा पहली बार वोटर बनता है, तो पूरे मोहल्ले, गांव या शहर को एक साथ आकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाई बांटनी चाहिए।




## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत: केंद्र खरीदेगा 3.37 लाख टन अरहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों के हित में रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के किसानों से 3.37 लाख टन तूअर (अरहर) दाल की खरीद को हरी झंडी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस मद में लगभग 2,696 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद की प्रक्रिया इस तरह से संचालित की जाए कि बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाए और लाभ सीधे वास्तविक किसानों की जेब तक पहुंचे। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए चौहान ने नेफेड और एनसीसीएफ को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर काम करें।

### शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनीतिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

### जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

# अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

प्रयागराज, वार्ता

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुनः प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# विभिन्न नदियों के नाम पर होंगे गणतंत्र दिवस परेड में दर्शक दीर्घाओं के नाम

नई दिल्ली, वार्ता

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष अनूठी पहल के तहत परेड देखने आने वाले लोगों के लिए बनी दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की विभिन्न नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार नदियां गहन सांस्कृतिक प्रतीक हैं जो सभ्यताओं की जीवनधारा, सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता के भंडार के रूप में कार्य करती हैं।

नागरिकों को इसका एहसास कराने के लिए इस बार देश भर में बहने वाली नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम पर दर्शक दीर्घाओं का नाम रखा गया है। मंत्रालय का कहना है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर इस गणतंत्र दिवस परेड में जल योधाओं सहित कुल 163 विशेष अतिथि होंगे, जिनमें उत्तराखंड के 28, झारखंड के 10, बिहार के 40 और उत्तर प्रदेश के 85 लोग हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से गंगा की पारिस्थितिकी, अखंडता तथा जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छता के लिए काम करने वाले स्थानीय समुदायों से गंगा प्रहरी-नदी के संरक्षक और प्रशिक्षित स्वयंसेवक शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंगा प्रहरियों के अलावा, जलीय जीवों यानी डॉल्फीन, कछुओं आदि के संरक्षण और संरक्षण में शामिल निजी नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों और नदी संरक्षण और सामुदायिक पहुंच को भी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी बने सम्मान के हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कुल 715 पुलिस अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 715 अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों, कमिश्नरेट, एसटीएफ, पीएसी, यूपी-112, रेडियो मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय और अन्य विशेष इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम) प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह पाने वालों की टॉप सूची में इंस्पेक्टर सदाशिव मौर्य, पवन कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार झा, हरिकेश राय, विनय कुमार सिंह, गुलाब त्रिपाठी और दिलीप कुमार मिश्र के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर स्तर पर क्यूआर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और सूर्यभान द्विवेदी को भी उत्कृष्ट श्रेणी में चुना गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेई, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं।

### शिवांग वर्मा बतौर वॉटर वॉरियर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

**लखनऊ।** जिला गंगा समिति, लखनऊ के जिला परियोजना अधिकारी शिवांग वर्मा को नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा शिवांग वर्मा का चयन 'वॉटर वॉरियर' के रूप में किया गया है। वर्तमान में जिला गंगा समिति, लखनऊ के साथ जिला परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत शिवांग वर्मा गोमती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। उनके प्रयासों का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता और नदी-केंद्रित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर रहा है। यह कार्य जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ विशाख जी के मार्गदर्शन तथा प्रभागीय वन अधिकारी, लखनऊ सितांशु पांडेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। गोमती नदी के अतिरिक्त, शिवांग वर्मा ने कुकरैल नदी से जुड़े जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सहयोग भी किया है।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वृहद आर्थिक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर आर्थिक सर्वेक्षण और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान जैसे बड़े घरेलू तथा वैश्विक कारकों का असर दिखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से भी निवेश धारणा कमजोर रही। वित्त वर्ष 2025.26 का आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी को संसद में पेश किया जाएगा। औद्योगिक उत्पादन के दिसम्बर के घरेलू आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों में प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 27.28 जनवरी को होने वाली है। बीते सप्ताह पांच में से चार कारोबारी दिवस प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही जबकि गुरुवार को तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,032 अंक (2.43 प्रतिशत) लुढ़क गया और शुक्रवार को 81,537.70 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी- 50 सूचकांक 645.70 अंक यानी 2.51 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सूचकांकों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 4.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 5.81 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में सप्ताह के दौरान रियलटी सेक्टर का सूचकांक सबसे अधिक 11.33 प्रतिशत लुढ़क गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में 6.55 प्रतिशत की गिरावट रही।

# पहला मेड इन इंडिया पायलट प्रशिक्षण विमान साल के अंत तक भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली।** किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने ई-मेल पर भेजे गए सवालों के जवाब में बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए40 विमानों के निर्माण के लिए एसेंबली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण वहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक डीजीसीए से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेम्बली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर- दिसम्बर) के दौरान इन विमानों की डिलिवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है। भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए40 एनजी विमानों के निर्यात की है।

# चावल, दालों में साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों के भाव बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 28 रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,839 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ और 3,299 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति भी 12 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 98 रुपये और पाम ऑयल का 85 रुपये बढ़ गया। मूंगफली तेल 77 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 83 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 42 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान सुरक्षित रहे: प्रिंस सोनी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी ने कहा कि तिरंगे का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रिंस सोनी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित तिरंगा पदयात्रा को संबोधित कर रहे थे। संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई की ओर से भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने किया। पदयात्रा छोटा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमी गेट, हुसैनाबाद पहुंची, जहां सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इसका शांतिपूर्ण समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए कार्यकर्ता भारत माता की जय और संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा इलाका राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा रहा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। लप्रस सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे वास्तव में जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।

# विश्व के कोने-कोने तक गूंजी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

लखनऊ, वार्ता




उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच से भी गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किंगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया। पर्यटन मंत्री ने जानकारी दी कि दूतावास स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और क्यूरेटेड प्रेजेंटेशन शामिल रहे। रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के प्रति देशव्यापी सहभागिता और एकजुटता को दर्शाते हैं। प्रदेश भर में पहले ही दिन उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव जनपदों में व्यापक रूप से मनाया गया। 24 जनवरी को सिधार्थनगर, भदोही, हाथरस, एटा, सोनभद्र, चंदौली, कन्नौज, औरैया, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, कानपुर, कुशीनगर, बिजनौर, इटावा, चित्रकूट, गाजीपुर, गोंडा सहित लगभग 30 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराएं, सामाजिक पहलें और विकासात्मक उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया, जबकि आगामी दो दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। 24 जनवरी को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों और राज्य नेतृत्व की गरिमामई उपस्थिति रही। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृधि, विकास यात्रा और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।




# सिलेंडर फटने से वृद्ध की मौत

## मकान की दीवारें और लिंटर क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खाना बनाते समय घरेलू सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने के साथ-साथ धमाके से घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सिलेंडर फटने से धमाके से आसपास के घरों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर नगर के मौहल्ला हलवाईयान निवासी अंजार अहमद (65 वर्ष) पुत्र अब्दुल गफ्फार की पुत्रवधू सितारा खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस लीक हो गई और आग लग गई। आग लगते ही सिलेंडर ने भीषण रूप ले लिया। स्थिति को भांपते हुए पुत्रवधू अपने छोटे बच्चे को लेकर तुरंत घर से बाहर निकल गई। देखते ही देखते गैस सिलेंडर कुछ देर बाद ही फट गया, लेकिन वृद्ध अंजार अहमद समय रहते बाहर नहीं निकल सके। सिलेंडर की धमक से मकान की दीवारें और लिंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। मकान के मलबे में दबकर अंजार अहमद की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और धमाके के बाद इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और लोग सहमकर घरों से बाहर निकल आये। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।






















# तेज रफ्तार वेगनार डिवाइडर से टकराई, चार लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** करनाल हाईवे पर सोमवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार एक वेगनार कार तेज गति से मेरठ से शामली की ओर आ रही थी।

पांचली बुजुर्ग कट पर इसी दौरान अचानक सामने से आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सीधे हाईवे के डिवाइडर में जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला और निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## फलावदा में युवा दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा युवा दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के काले सिंह मंदिर परिसर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कबड्डी, व दौड़, बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन खंड सह संच. ालक यशपाल बिश्नोई ने किया इस अवसर पर जिला विद्यार्थी प्रमुख राहुल, खंड व्यवस्था प्रमुख हरपाल, नगर मंडल सह कार्यवाह आर्यन कुमार, नगर मंडल विद्यार्थी प्रमुख कुणाल एवं अंशुमान, अरुण, विनय, अंकित, अवनीश एवं आकाश उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में पहले नंबर पर स्वामी विवेकानंद टीम, दूसरे नंबर पर भगत सिंह टीम, तीसरे नंबर पर राजगुरु टीम के छात्रों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक विकास के साथ साथ भारतीय संस्कृति एवं अनुशासन की भावना को प्रबल करना रहा। समापन पर गणमान्य मौजूद रहे।

# मतदाता दिवस मनाया गया




नवजीवन इंटर कॉलेज में कार्य करते बीएलओ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे के नवजीवन इंटर कॉलेज में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य योगेश चौहान ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा अपने वोट का निर्भीक होकर अवश्य मतदान करें। वहीं कॉलेज परिसर में सुपर वाइजर विनय कुमार, बीएलओ बिन्दर नागर, सुनील कुमार, मुन्ना लाल यादव, नीरज कुमार, जय भगवान ने बैठकर मतदाताओं की समस्याओं का निस्तारण किया। जिन लोगों की वोट किन्हीं कारणों से निरस्त हो गई है उनसे पुन: उनके एड्रेस वेरीफिकेशन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पासपोर्ट आदि की आईडी की फोटो कॉपी मांगी है। कॉलेज परिसर में जागरूक मतदाताओं ने अपनी वोट की जानकारी ली।

# बहसूमा में होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजकों ने क्षेत्र में बांटे आमंत्रण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ-बिजनौर मार्ग पर नगर के समीप स्थित जीवा फार्म हाउस में 30 जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जाने को लेकर आमंत्रित पत्र वितरित किये गये, तथा हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंद. ुओं की एकता को मजबूत करना और उन पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाना है। रविवार को आयोजक समिति ने कस्बे में आमंत्रण पत्र वितरित किये। आयोजक समिति के कार्यकर्ताओं ने लोगों से 30 जनवरी को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह सम्मेलन 30 जनवरी को नगर के समीप मेरठ बिजनौर रोड जीवा फार्म हाउस में आयोजित होगा। इसमें प्रांत संगठन मंत्री एवं मुख्य वक्ता अरूण कुमार संबोधित करेंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य पूर्व चैयरमेन विनोद चाहल, ऋषभ गोयल, गौरव राजवंशी, सभासद अरूण कुमार, विष्णु शर्मा, विजय अहलावत, चेयरमैन सचिन कुमार सुकड़ी, रामराज खंड संघ संचालक मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, मनीष अहलावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में निकली आप की तिरंगा पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी, द्वारा एक भव्य एवं अनुशासित तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अंकुश चौधरी के नेतृत्व में निकाली गई।



तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ मेरठ दक्षिण स्थित चार खंबे से हुआ, जो भूमिया के पुल, हापुड़ अड्डा होते हुए गांधी आश्रम, पहुंची, जहां पूरे सम्मान और गरिमा के साथ इसका समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराता तिरंगा और भारत माता की जय, संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और जनचेतना से ओतप्रोत रहा। इस तिरंगा पदयात्रा में आप के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का भव्य स्वागत किया। गांधी आश्रम पहुंचकर पदयात्रा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अंकुश चौधरी ने कहा कि आज देश में राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं। आम आदमी पार्टी स्पष्ट कहना चाहती है कि तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान देश के गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे असल में आम जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं। अंकुश चौधरी ने आगे कहा कि आज महंगाई, बेरा. जगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जनता को बांटने की राजनीति की जा रही है। इस अवसर पर अंकुश चौधरी के साथ जिला संरक्षक एस.के. शर्मा, महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी रहे।

# गणतंत्र दिवस से पहले मेरठ में सुरक्षा कड़ी, टोल प्लाजा पर सघन वाहन चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जनपद मेरठ में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सख्त कर दिया गया है। संभावित खतरों को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है और प्रमुख मार्गों, बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना सरूरपुर क्षेत्र के भूनी टोल प्लाजा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन तलाशी ली। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान 15 चालान काटे गए, जबकि विभिन्न धाराओं में 11 अभियोग पंजीकृत किए गए। इस दौरान बिना कागजात, बिना हेलमेट और नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह सख्त निगरानी और चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। पुलिस ने लोगों से सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की।



## मतदाता दिवस पर बीएलओ सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के अटल सभागार में आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस्माइल नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज से जुड़े तीन बीएलओ को सम्मानित किया गया। बूथ संख्या 181, 182 व 183 के बीएलओ उमेश कुमार, विनय कुमार और मनजीत सिंह को मतदाता सूची पुनरीक्षण में सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कहा कि बीएलओ लो. कतंत्र की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मान मिलना ही चाहिये।



## असगर अली चौहान के आवास पर हुई पंचायत और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** समाजसेवी असगर अली चौहान के आवास पर रविवार को राजनीतिक नेताओं का जमावड़ा रहा। जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती और समाज सेवी तशरीफ अली ने क्षेत्रीय पंचायत और सिवाल खास विधानसभा के बारे में राजनीतिक चर्चा हुई और अपने गांव रसूलपुर धौलडी में पूर्व में हुए विकास न होने से गांव वंचित रह गया। उन्होंने इस बार क्षेत्र में विकास करने वाले उम्मीदवार को ही वोट करने पर चर्चा की। इस दौरान कहा गया कि अब कि बार सर्व समाज की बात करने वाले को ही क्षेत्र के लोग चुनेंगे। इस मौके पर रमजानी चौधरी, ईसब आदि रहे।

## पुलिस के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को जानी थाना पुलिस ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र व सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ जानी नहर पुल सिवालखास पुल भोला झाल पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान चेकिंग के दौरान हड़कंप मच गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस ने दो पहिया वाहनों को भी बारीकी से चेकिंग किया। इस दौरान वाहन सवारों को हेलमेट के लिए जागरूक किया। पुलिस गणतंत्र दिवस के मौके पर हर चेक पॉइंट पर दिखाई दी और ढाबा रेस्टोरेंट पर भी उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली।

# आत्मरक्षा अब पढ़ाई का हिस्सा बनेगी: दुष्यंत त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बच्चों एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए। अमेरिकन किड्ज प्ले स्कूल और अमेरिकन स्कॉलर एकेडमी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम नॉर्थ इंडिया सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही आत्म विश्वासी, सतर्क और आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन एनजीओ डायरेक्टर दुष्यंत त्यागी एवं सुश्री पायल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक आदित्य ने बच्चों को उनकी आयु के अनुसार सरल, सुरक्षित और प्रभावी आत्मरक्षा तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया, जिसे बच्चों और अभिभावकों ने खूब सराहा। इस मौके पर अमेरिकन ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विक्रम प्रकाश लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में आत्मरक्षा केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि एक आवश्यक जीवन कौशल है। आने वाले नए शैक्षणिक सत्र से आत्मरक्षा प्रशिक्षण को स्कूल के नियमित पाठयक्रम Curriculum का हिस्सा बनाया जाएगा, ताकि हर बच्चा सुरक्षित, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से मजबूत बन सके।

कार्यक्रम में डॉ. मोहिनी लांबा फाउंडर डायरेक्टर सुश्री रवनीत कौर लांबा Marketing & Operations Head सुश्री प्रेरणा लांबा EÛecutive Director एवं सुश्री आयुषी शर्मा एडमिनिसट्रेटिव कॉरडिनेटर की गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व को रेखांकित करते हुए स्पोर्ट्स कोच अतुल कश्यप एवं अनुज तोमर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एनजीओ डायरेक्टर ने कहा कि आत्मरक्षा अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है।

## किठौर साप्ताहिक बाजार से कपड़े चुराते दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा किठौर में लगे साप्ताहिक बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान से खरीदारी करने के बहाने महिलाओं और पुरुष के गैंग ने 18 जोड़ी कपड़े साफ कर दिए। वहीं दुकान में कपड़े कम होने पर दुकान स्वामी ने एक महिला और युवक को पकड़ लिया। उनके साथ महिला कपड़े लेकर भाग खड़ी हुई। जिसके बाद दुकानदार ने दोनों को पुलिस को सौंप मुकदमा पंजीकृत कराया। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के ऊंचा सद्दी. कनगर निवासी दानिश पुत्र सिरा. जुद्दीन ने बताया कि वह कस्बा किठौर में साप्ताहिक बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान लगाता है। उसकी दुकान पर दो महिला और एक युवक समान खरीदने के बहाने दुकानें में घुसे और बातों में उलझाकर आठ सूट और दो टॉप चोरी कर लिए। वहीं उसने एक महिला और एक युवक को मौके पर पकड़ लिया जबकि एक महिला फरार हो गई। पीड़ित ने थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पल्लवपुरम जैन मंदिर में शांति विधान के दूसरे दिन भक्ति व साहित्य का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पल्लवपुरम में आयोजित त्रिदिवसीय शांति विधान के दूसरे दिन धर्म, भक्ति और साहित्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। आचार्य गुरुवर 108 भारत भूषण जी महाराज के सानिध्य में प्रात: कालीन कार्यक्रमों के अंतर्गत श्री जी का विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज के अनन्य श्रद्धालुओं द्वारा 108 अर्घ्य अर्पित कर शांति विधान को भक्तिभाव से संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण से ओतप्रोत रहा। आचार्य भारत भूषण महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि धर्म से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। यदि किसी व्यक्ति के पास असंख्य धन-संपदा भी हो, तो वह धर्म के बिना शून्य के समान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में धर्म के पदचिन्हों पर चलना चाहिए, चाहे वह किसी भी समाज या संप्रदाय से संबंध रखता हो।



### रात्रि में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

रात्रि के कार्यक्रमों में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए नाम. चीन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन के संयोजक सौरभ जैन सुमन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान पारसनाथ के चित्र अनावरण के साथ हुआ, जिसका सौभाग्य अरिहंत ज्वैलर्स परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर रहे। कवि सम्मेलन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कवियों की रचनाओं को खूब सराहा और देर रात तक साहित्यिक आनंद लिया। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष पवन जैन, भाजपा नेता विनोद जैन, अमित जैन एडवोकेट, सह संयोजक दीपक जैन ज्योति हैंडलूम, अरिहंत जैन, निकुंज जैन, नितिन जैन बिट्टू, अमित जैन दादरी, जीसी जैन, आशु जैन, सौरभ जैन एडवोकेट, अभिषेक जैन, प्रियंक जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरूरपुर विद्युत उपकेंद्र से ट्रांसफार्मरों की बड़ी चोरी, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सरूरपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा है, जहां चोरों ने रात के अंधेरे में बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए कई विद्युत ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना मध्य रात्रि की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरूरपुर उपकेंद्र से 11 केवी भूनी फीडर के जंगल क्षेत्र में लगे चार 25 केवीए तथा एक 63 केवीए ट्रांसफार्मर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मरों को खंभों से उतारकर उनके अंदर लगी कॉपर वाइंडिंग, एलटी-एचटी बुशिंग, राड, तेल सहित अन्य कीमती उपकरण निकाल ले गए। वारदात के बाद ट्रांसफार्मरों के खाली ढांचे मौके पर ही छोड़कर आरोपी फरार हो गए। बताया गया कि ये ट्रांसफार्मर भूनी निवासी अंकुर दत्त पुत्र बृजेश, राम कुमार पुत्र नेतराम, तेजवीर पुत्र शिवचरण और बसवेश्वर दयाल पुत्र नंदकिशोर की टयूबवेलों से संबंधित थे। इस चोरी से विद्युत विभाग को करीब 5 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति का अनुमान है। मामले में सरूरपुर बिजलीघर के अवर अभियंता सरदार सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ब्रज भूमि पहुंचे नितिन नवीन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना की। नवीन का अध्यक्ष बनने के बाद यह ब्रज भूमि का पहला दौरा था। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और 'विकसित भारत' के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद, दोनों नेताओं ने विधायक राजेश चौधरी के आवास पर जाकर उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को बांके बिहारी की चौखट पर हाजिरी लगाई। दोनों नेताओं ने आराध्य के चरणों में शीश झुकाकर विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नितिन नबीन ने ठाकुर जी के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। दर्शन के बाद मंदिर सेवायतों द्वारा उन्हें प्रसाद भेंट किया गया।

भाजपा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की धरा 'ब्रज भूमि' पर पहुंचे नितिन नबीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग आध्यात्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम भी साथ रहे। सीएम योगी के साथ गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, मेघश्याम सिंह, राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष निर्मल पांडेय आदि ने भी बांके बिहारी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

## बूथ की मजबूती से ही खिलेगा विकास का कमल: नितिन नवीन

eFkjkA ब्रज की पावन धरा आज केसरिया रंग में सराबोर नजर आई। अवसर था भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम मथुरा आगमन का हुआ अक्षय पात्र से लेकर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का जोश यह बताने के लिए पर्याप्त था कि आगामी चुनौतियों के लिए भाजपा का किला पूरी तरह अभेद्य है।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वागत मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की जुगलबंदी ने कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंच पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह जैसे दिग्गजों की उपस्थिति ने इसे एक बड़े संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

**मन की बात से हुई दिन की शुरुआत**-अपने प्रवास की शुरुआत मा० नितिन नवीन जी ने वृन्दावन स्थित अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर से की। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने अत्यंत ओजस्वी वाणी में कहा:भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल इसलिए है क्योंकि हमारे पास आप जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। मेरा मथुरा आगमन केवल एक दौरा नहीं, बल्कि इस पावन भूमि से आशीर्वाद लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# हर वोट जरूरी–पहले मतदान–फिर जलपान

## माय भारत, एनसीसी व भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर लोकतंत्र के उत्सव में सराबोर नजर आया। जिले में मतदाता जागरूकता, सहभागिता और समावेशन को केंद्र में रखते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन, शैक्षिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की महत्ता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश पूरे कार्यक्रम में केंद्र में रहा।



कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को प्रेरक बना दिया। वेदान्तिक इंटरनेशनल स्कूल तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बावली के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और समूह–प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश जन–जन तक पहुँचाया।

हमतदान देने जाएंगे भारत के लिए, मैं भारत हूँ जैसे गीतों पर प्रस्तुतियों ने युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान के प्रति गर्व का भाव जगाया। बच्चों की प्रस्तुतियों में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक कर्तव्यों की झलक साफ दिखाई दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा। इसी क्रम में माय भारत, एनसीसी तथा भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हर वोट जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेश गूंजे। रैली के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की बालिकाओं द्वारा बनाई गई। रंगोली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी ने रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मकता के साथ दिया गया संदेश लंबे समय तक लोगों के मन में रहता है। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज लगाकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण रहा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की आधारशिला है। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों और नागरिकों का सम्मान भी किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता में सक्रिय योगदान देने वाले नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि समाज के विभिन्न वर्गों में बुजुर्ग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों और युवाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदाता बने पाँच युवाओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर गर्व और उत्साह देखने को मिला। तीनों तहसीलों से दो–दो उत्कृष्ट बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के नौ विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मौके पर मौजूद पत्रकार भी सम्मानित किए गए। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष प्रगाश पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिस प्रकार जिले के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इसी सहभागिता के परिणामस्वरूप ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। नागरिकों से अपील की गई कि वे ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें, ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी की भागीदारी से ही चुनावी प्रक्रिया समावेशी बनती है।

## जन–आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन ने स्वीप बागपत एप पर इन सेवाओं को जोड़ा है जिससे नागरिकों को एक ही क्लिक पर जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में एसआईआर और मतदाता जागरूकता अभियान को जन–आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जयभगवान शर्मा को सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक लोकतांत्रिक संदेश पहुँचाने वाली पारुल चौधरी को भी सम्मानित किया गया। राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं स्वीप आइकॉन अमन कुमार को युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही माय भारत स्वयंसेवक निखिल एवं सेवानिवृत शिक्षिका ओमबीरी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। स्वीप गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं मतदाताओं को जागरूक बनाने में सूचना विभाग के कार्यों की प्रशंसा हुई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता प्रीति शर्मा, अंतरिक्ष कुमार, उमेश कुमार, राम. निवास, संध्या रानी, नीतू यादव, डा.सुधा शर्मा, संगीत शिक्षक रमन कुमार आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी मलखान सिंह तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** संवेदनशील पहल बनी मिसाल, मानवीय कर्तव्यों का उत्सवरू राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में लोकतंत्र के उत्सव के साथ–साथ सामाजिक संवेदनशीलता की भी सशक्त मिसाल देखने को मिली, जब मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बीच नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के साथ–साथ मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। मौजूद एसडीएम, मुख्य पुजारी, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, स्वीप आइकॉन, स्वयंसवेकों ने पहल करते हुए संकल्प पत्र भरा।



## खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**बडौत।** नगर में आईएमए ब्रांच बड़ौत ने एक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जिसमे सभी बड़ौत के सम्मानित डॉक्टर्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ एक मैसेज आम जनता को भी दिया कि आप सभी प्रतिदिन व्यायाम करें।

इस अवसर पर आईएमए ब्रांच बडौत सेक्रेटरी डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि अगर हमें अपने जीवन में स्वस्थ रहना है तो हमें प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहिए ताकि हमारे शरीर की नसों का खून हमारी नसों में दौड़ता रहे खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से डा.गीतांजलितोमर ने कहा कि महिलाओं को समय–समय पर खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए जब हम खेल कूद प्रतियोगिता और व्यायाम करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्पोर्ट्स समारोह में डा.संजय जैन अध्यक्ष आईएमए ब्रांच बड़ौत तथा डा. पंकज कुमार सेक्रेटरी आईएमए बड़ौत के साथ सभी वरिष्ठ चिकित्सक डा.सुरेंद्र शर्मा, डा. सुखपाल तोमर, डा.विनोद जैन, डा.अनिल जैन, डा.प्रदीप जैन, डा. अरविन्द कुमार, डा.ओमबीर तोमर, डा.मनीष तोमर, डा.हरीश विश्वकर्मा, डा.गीतांजलि तोमर, डा.पुष्पा वर्मा, डा.राकेश जैन, डा. वैभव जैन, डा.शुभम जैन, डा. सुधा रानी, डा.शेखर तोमर, डा. आशीष जैन, वसुधा जैन, डा.जित. ेंद्र मलिक, डा.मुदित गर्ग, डा. संगीता गर्ग आदि मौजूद रहे।

## देश की एकता का प्रतीक बनी तिरंगा यात्रा, हापुड़ में दिखा राष्ट्रप्रेम का उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बसपा के मंडल प्रभारी मनजीत चौधरी के नेतृत्व में रविवार को असौड़ा गांव से भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम के जज्बे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे हापुड़ शहर का भ्रमण किया। तिरंगे से सजी सैकड़ों गाड़ियों और ट्रैक्टरों की कतारों ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा में करीब 200 ट्रैक्टर और 150 कारें शामिल रहीं, जिन पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। यात्रा मार्ग पर जगह–जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मनजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मंजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आस्था, बलिदान और संघर्ष की गाथा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना चाहते हैं। आज जरूरत है कि हर नागरिक जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करे। जब देश मजबूत होगा, तभी किसान, मजदूर, व्यापारी और हर वर्ग सुरक्षित और समृद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन देशहित हमेशा किसानों के अधिकारों के साथ–साथ राष्ट्रहित में भी मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी देश के सम्मान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। तिरंगे का सम्मान ही सच्ची देशभक्ति है और यही संदेश इस यात्रा के माध्यम से यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने लोगों को देश के प्रति एकजुट होने का संदेश दिया और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

## दिनेश शर्मा ने सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कला में दिल्ली पुलिस के रिटायर एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों को भेंट किये तोहफे।



एसीपी दिनेश कुमार शर्मा प्रतिवर्ष दिल्ली से अपने गाँव पहुँचकर बचपन की स्मृतियों को जीवित करते हुए गाँव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोपण कर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाते है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस के इस जश्न की यह खुशियाँ कई गुना बढ़ जाती है जब मैं अपने बचपन की यादों को जीवत करते हुए इन नौनिहालों के साथ गणतंत्र व स्वतन्त्रता दिवस मनाता हूँ और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेता हूँ। गाँव की मिट्टी की खुशबू मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संदीप अग्रवाल एसिस्टेंट डायरेक्टर (ईडी) ने कहा एसीपी दिनेश कुमार शर्मा का गाँव और उससे जुडी यादों का राष्ट्रीय दिवस के साथ अपनों से साझा करना संस्कार और संस्कृति के जीवित होने का प्रमाण और हम सबके लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल रिटायर एसिस्टेंट डायरेक्टर ED, किशन बंसल उद्यमी, विक्रम राणा रि. एसीपी, रि. ओमबीर पवाँर एसीपी रि. हरपाल सिंह एसीपी रि.राजपाल सिंह एसीपी राजीव कास्त्रों, ललिता अग्रवाल, राजीव पण्डित ककौर कला जिला सहसंयोजक भाजपा सुशासन व केन्द्रिय राज्य शासनीय समन्वय विभाग, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, कुलदीप भारद्वाज, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौ रक्षक मनमोहन जिन्दल आदि उपस्थित रहे।

## चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई महिला के शव की शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बाघु गांव में एक खेत में महिला का 80 प्रतिशत जला हुआ शव मिला था। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही इस मामले में कोई खुलासा हुआ है। यह शव किसान नेता जगत सिंह के खेत में बने उपलों के बिटोड़े में मिला था। बताया गया है कि चार दिन पहले रात में बिटोड़े में अचानक आग लग गई थी। सुबह जब किसानों ने जाकर देखा, तो वहां एक महिला का जला हुआ शव मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक सैंडल और महिला का कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ था। महिला का शरीर अधिक जल जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और कई लोगों से पूछताछ भी की है। पुलिस अधिकारी इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दसवीं कक्षा की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के तीन युवकों ने छात्रा के साथ इस वारदात को अंजाम दिया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब दस दिन पहले उनकी बेटी स्कूल जा रही थी, तभी गांव का आरिफ अपनी गाड़ी लेकर आया। आरिफ ने जबरन उनकी बेटी को गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरिफ ने छात्रा को अश्लील वीडियो वायरल करने और उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी। धमकी से डरकर छात्रा गाड़ी में बैठ गई। आरोप है कि आरिफ ने उससे धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की बात कही। इसी दौरान छात्रा ने शोर मचाया तो आरा. ेपी उसे कार से उतारकर मौके से फरार हो गया। घर आकर छात्रा ने परिजनों को पूरी घटना बताई। छात्रा ने परिजनों को बताया कि आरिफ पिछले डेढ़ साल से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर रहा था। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी दी कि आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आरिफ अपने साथियों के साथ घर से स्कूल जाते समय उसका पीछा करता था। छात्रा ने डेढ़ साल पहले हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आरोपी ने उसकी एक एडिटेड अश्लील वीडियो बना ली थी। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। डर के कारण छात्रा ने डेढ़ साल तक परिजनों को इस बारे में कुछ नहीं बताया था। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में पुलिस ने वांछित दो अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक वे पकड़े नहीं जा सके हैं।

## पुलिस ने चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर पुलिस ने नलकूप उपकरण चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, ये चोर पहले रेकी करते थे और फिर रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान तरुण और सुनील के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के भनेड़ा निवासी हैं। तरुण फिलहाल सराय कस्बे में रह रहा था। इनकी गिरफ्तारी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बाद हुई। 6 नवंबर को सारी कस्बे में एक दुकान में चोरी हुई थी, जिस पर मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को भी इन्होंने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त तरुण पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 25 आपरा. धिक मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील पर भी 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी करने के उपकरण, 61 कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, सिगरेट–बीड़ी–पान मसाला के पैकेट और 5 किलोग्राम टयूबवेल से चोरी किया गया केबल बरामद हुआ है। उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

## नगर पुलिस ने 8 वारंटियों को भेजा सलाखों के पीछे

**हापुड़।** अपराध पर अंकुश लगाने और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर आठ वारंटियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में रिजवान उर्फ राधे निवासी मजीदपुरा, सलमान निवासी मोती कॉलोनी, मोनू निवासी चाहकमाल मोहल्ला ब्रहमनान, अरबाज खान निवासी ईदगाह रोड पुरानी चुंगी, संजीव, शिवदत्त और संजय निवासी आदर्शनगर कॉलोनी तथा बाबू निवासी ग्राम बदनौली शामिल हैं। इन सभी पर आर्म्स एक्ट, लूट, मारपीट, धमकी, दंगा, चोरी, सड़क दुर्घटना समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अभियान लगातार जारी है। फरार अपराधियों की धरपकड़ से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है और आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 21.01.2026 तक विद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिकाएँ एवं वेतन पंजिकाएँ विद्यालय से गुम अथवा चोरी हो गई है।

प्रबन्धक
गजराज सिंह इण्टर कॉलिज
बरनावा (बागपत)

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हापुड़ में उत्साह

### मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन नए, वोटरों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एसएसवी इंटर कॉलेज पहुंची, जहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित छात्र–छात्राओं, युवाओं एवं नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 तक जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे सभी फार्म–6 भरकर अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। उन्होंने मतदान को लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को निर्भीक होकर, बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही मजबूत और जवाबदेह सरकार का गठन संभव है। इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए तथा वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विधानसभा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हर नागरिक का मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षण संस्थानों से मतदाता जागरूकता अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ, चित्रकला, स्लोगन एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर उप जिला. धिकारी सदर इला प्रकाश, सहायक जिला निर्वाचन अधिक. ारी, विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाएं, एनसीसी व स्काउट के छात्र–छात्राएं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# विशाल रंगोली व सामूहिक शपथ के साथ मनाया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज मैदान में जिलास्तरीय भव्य आयोजन में जिलाधिकारी ने दिलाई मतदाता जागरूकता शपथ, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में डीएम अरविंद कुमार चौहान द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी गई है।

कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात 9 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन शामली में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जहां ध्वजारोहण के साथ परेड की सलामी ली जाएगी। परंपरागत रूप से सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में झंडारोहण किया जाएगा। प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित किए जाएंगे। 11:30 बजे वृद्धाश्रम तथा 12 बजे कुष्ठ आश्रम में भी फल-मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोपहर 1 बजे नगर में भव्य मार्च-पास्ट निकाला जाएगा, जिसमें पुलिस बैंड, स्कूल बैंड, एनसीसी, होमगार्ड्स, स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। मार्च-पास्ट नगर पालिका परिषद से प्रारंभ होकर विजय चौक पर संपन्न होगा। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान, देशभक्ति कार्यक्रम, निबंध, नाटक, विचार गोष्ठी, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं साइकिल रेस आदि आयोजित की जाएंगी। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं वीरता पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जनसभाओं में संविधान की मूल विशेषताओं, मतदान के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण, सीमित परिवार, सामाजिक समरसता एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।





# वेट लिफ्टिंग में महिलाओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित जिम में जिला स्तरीय महिला वर्ग की अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद भर से आई 50 महिला वेटलिफ्टरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया गया। जूनियर वर्ग में कड़े मुकाबलों के बीच शिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि पायल ने रजत पदक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में धर्म फिटनेस जिम की खिलाड़ी तनु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आरती एवं निधि ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विदेश मलिक, निखिल खैवाल, बबलू उपाध्याय, उधल सिंह, सुशील कुमार एवं जय नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के आयोजक सचिव गौरव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रतियोगिता के दौरान रेफरी नरेश तोमर, सुनील कुमार, भीम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं विकास चौधरी, मयंक, प्रिंस मलिक एवं प्रज्ञा ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा रविवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो। लोकेश मलिक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा, डॉ। प्रीतम सिंह एवं कु। गायत्री त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा एक भव्य रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने नारों, गीतों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और लोकतंत्र में मताधिकार की अहम भूमिका को रेखांकित किया। रैली में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। डा। प्रीतम सिंह एवं कु। गायत्री त्रिपाठी ने कहा कि मतदान जाति, धर्म एवं स्वार्थ से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मतदाता शपथ दिलाई गई तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## एक नजर

### चाकू सहित युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। युवक के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक पवन सिंह पुलिस टीम के साथ दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के पास गस्त कर रहे थे। जहां पर संदिग्ध रूप से घूम रहे कस्बे के निवासी एक युवक गोविन्द पुत्र शेरसिंह निवासी अस्पताल कॉलोनी को हिरासत में ले लिया। जिसकी तलाशी में आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### 18 पव्वे शराब सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से अवैध शराब बरामद किया है। युवक के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ थाना भवन के दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर स्थित शमशान के पास गस्त कर रहे थे। जहां पर संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक अनमोल पुत्र रजनीश निवासी मोहल्ला छिपीयान थाना भवन को हिरासत में ले लिया। जिसकी तलाशी में आरोपी के कब्जे से 18 पावve देसी शराब बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### बाबा बंशी वाले की प्रेरणा से विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा संघ द्वारा रविवार को शहर के ओम प्लाजा मार्केट में बाबा बंशी वाले की प्रेरणा से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। रविवार को आयोजित भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद माता रानी की आरती की गई तत्पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।अध्यक्ष सुरेन्द्र बंसल ने बताया कि प्रत्एक माह की शुक्ल पक्ष की चौदस पर पहले रविवार को संस्था द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। वही प्रत्एक माह के शुक्ल पक्ष की चौदस को एक बस संस्था की ओर से मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है। मौकेपर राकेश अग्रवाल, भौरीलाल संगल, नरेन्द्र धीमान, राकेश गर्ग, संजय धीमान, अशोक कुमार, राजीव कुमार, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रक्त जांच शिविर का उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली सीनर्जी द्वारा जनहित में द्वितीय रक्त जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान कुल 85 लोगों की 250 से अधिक विभिन्न प्रकार की रक्त जांचें की गई। इनमें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते बीमारियों की पहचान कर उपचार के प्रति सजग बनाना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब शामली सीनर्जी के अध्यक्ष लायन डॉ। अजय वर्मा ने कहा कि क्लब समाज के प्रत्एक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर सचिव रुचिर संगल, कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग मौजूद रहे।

## एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों का सम्मान





**शामली।** 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर वर्ष 2025 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण SIR - 2026 से संबंधित कार्य में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में अरविन्द कुमार चौहान, IAS, जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली एवं श्रीमती निधि भारद्वाज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कैराना को सम्मानित किया गया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन





**शामली।** शहर के मोहल्ला धर्मपुरा स्थित ब्रहमणान धर्मशाला में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा कि एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना होगा, तभी धर्म और संस्कृति की रक्षा संभव है। इसी क्रम में संघ से पधारे क्षेत्रीय कार्यकारी समिति सदस्य मनीराम ने कहा कि हिंदू एकता ही मूल मंत्र है और समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर केवल एक पहचान हिंदू को अपनाना चाहिए। संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख संजय कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवार में संस्कारों का विकास आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने धर्म और हिंदू स्वाभिमान की रक्षा कर सके। वहीं कुमुद शर्मा ने राष्ट्र को जोड़ने और हिंदू समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने की, जबकि मंच संचालन डॉ। नीलेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। सम्मेलन के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुरेश चंद, प्रवीण कुमार, अतुल बंसल, रोबिन गर्ग, अतुल विक्रम कौशिक, पुनीत द्विवेदी, नवीन नामदेव, राजकुमार, मो. हित, दीपक, धीरज उपाध्याय, अभिषेक, विशु, प्रमोद, विनीत, प्रमोद नामदेव, शंकर, बिजेंद्र, मुकुल, विनोद तायल उपस्थित रहे।

# प्राइवेट अस्पताल में महिला की मौत के बाद परिजनों का हंगामा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के मुंडेट रोड स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी और कोतवाली पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को शांत किया। बाद में परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ लेकर चले गए।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी विपिन ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी रचना को सीने में दर्द होने के कारण तीन दिन पूर्व मुंडेट रोड स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उपचार के बाद महिला को छुटटी दे दी गई थी। लेकिन गत शनिवार को महिला को दोबारा परेशानी होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसको कोई आराम नही मिला। रविवार सवेरे चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार न होने पर करनाल के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन करनाल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन महिला के शव को लेकर हॉस्पिटल पहुंचें और चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

सूचना पर सीओ सिटी अपेक्षा निंबाडिया, थाना आदर्शमंडी प्रभारी बीनू सिंह, शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में परिजन चिकित्सक से समझोता हो जाने पर बिना किसी कानूनी कार्यवाही के लौट गए। महिला की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके दो बच्चे है, जिसमें एक 25 दिन का और दूसरा दो वर्ष का बेटा है।

### पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति को संभाला

महिला की मौत के बाद जहां चिकित्सक और परिजनों में समझोता हो गया था वही मामूली कहासुनी के बाद कुछ लोगों की चिकित्सक स्टाफ के साथ मारपीट हो गई।

दोनों पक्षों के मारपीट होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को फटकार लगाते हुए तितर बितर गया। जिसके बाद दोनों पक्ष वहां से लौट गए। हॉस्पिटल स्टाफ ने अकारण हॉस्पिटल में घुसकर झगडा करने का आरोप लगाया है।

# जलभराव से बेहाल भड़ी मार्ग, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बिजलीघर के बराबर से भड़ी गांव को जाने वाली सड़क लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। बारिश हो या न हो, सड़क पर करीब एक फुट तक पानी भरा रहता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क किनारे खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। जलभराव के कारण दोपहिया और पैदल चलने वालों को खास दिक्कत होती है, वहीं चारपहिया वाहन भी अक्सर फंस जाते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। सड़क पर भरा पानी आसपास के घरों से निकल. कर आता है, लेकिन निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से यह यहीं जमा हो जाता है। इससे गंदगी फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण फरमान, आसू, जावेद, सुभाष, सोनू और इकराम सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए इस सड़क से गुजरना जोखिम भरा हो गया है।......................................

ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि संबंधित स्थान पर सड़क नीचे है और आसपास का क्षेत्र ऊंचा होने के कारण पानी यहीं एकत्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार कर सड़क को ऊंचा कराने की योजना बनाई जाएगी, ताकि भविष्य में जलभराव से राहत मिल सके।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में 24 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा युगल क्राउन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। देर रात्रि शहर के करनाल रोड पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। उन्होने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं अनुशासन, भाईचारे एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। इस प्रतियोगिता में नगर की 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं, जो आयोजन की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है। टूर्नामेंट के मैच कॉर्डिनेटर की भूमिका क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में 24 टीमों को चार ग्रुपकृए, बीसी एवं डीमें विभाजित किया गया है। ग्रुप ए की टीमें ग्रुप बी से तथा ग्रुप सी की टीमें ग्रुप डी से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी मुकाबले बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर खेले गए। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन टीम-2 (अनिल कुमार-संजीव कुमार) ने लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-2 (आलोक संगल-नीरज गोयल) को 21-6 व 21-9 से परा. जित किया। दूसरे मैच में यूपी उद्योग व्यापार मंडल के सुमित तोमर व आशीष जैन ने श्याम मित्र मंडल परिवार के सुधीर मलिक व नवीन बलियान को 21-17 व 21-7 से हराया। तीसरे मुकाबले में बीवीपी मेन टीम-2 (डॉ. केपी पंवार व अनिल निर्वाल) ने रोटरी क्लब शामली स्टार टीम-2 को 21-12 व 21-9 से शिकस्त दी। चौथा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें बीवीपी मानव द्धरोहित व तुषार मलिकऋ ने ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-2 को निर्णायक सेट में 21-12 से हराया। आगे खेले गए मुकाबलों में यूपी उद्योग व्यापार मंडल टीम-1 (तरुण शर्मा व नितिन मलिक) ने भारतीय विद्यार्थी संगम को, वहीं यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के डॉ। रजत देशवाल व संजय कुमार ने मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति को परा. जित किया। कुछ टीमों के अनुपस्थित रहने के कारण लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-1, बीवीपी मिलाप, सायमा, बीवीपी मेन एवं लायंस क्लब नारायण को सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला। लीग का अंतिम मुकाबला ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-1 ने संकल्प विकास समिति को 21-3 व 21-9 से जीतकर अपने नाम किया।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एनसीआर क्षेत्र में कॉमर्शियल बड़े वाहनों की चोरी कर उन्हें एक गोदाम में काटकर उनके अलग-अलग पार्ट्स बेचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाने वाले 2 शातिर बदमाशों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त कॉमर्शियल वाहनों की रेकी कर उन्हें चोरी कर किराये के गोदाम में ले जाकर काट देते थे, जिससे किसी को संदेह न हो तथा वे पुलिस की पकड़ से बच सके। दोनों बदमाशों के खिलाफ दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ और नोएडा के थानों में 20 मुकदमें विभिन्न आपराधिक मामलों में दर्ज है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस-2 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से 2 वाहन चोर सलमान पुत्र छोटन तथा भानू चौधरी पुत्र सुनील को गंदे नाले के पास सेक्टर-82 कट भंगेल से गिरफ्तार किया है।



उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही से चोरी के 3 वाहन-टाटा गुड्स कैरियर ट्रक, बुलेरो मेक्सीट्रक महिंद्रा पिकअप व 2 केबिन (ट्रक व महिंद्रा पिकअप) तथा वाहन काटने में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण-2 ऑक्सीजन गैस सिलेण्डर, 2 एलपीजी सिलेण्डर (घरेलू व कॉमर्शियल), 2 गैस कटर सहित अन्य विभिन्न उपकरण, बरामद किए गए हैं।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे अपने अन्य साथियों फकरुद्दीन उर्फ फकरू, फरमान उर्फ मुल्ला, यूनुस, कलाम तथा उसके भाई साजिम के साथ मिलकर इण्डस्ट्रियल एरिया एवं सड़क किनारे खड़े कमर्शियल वाहनों की रेकी करने के बाद चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों को अपने किराये के गोदाम, जो ग्राम दीनानाथपुर पुठ्ठी, जनपद हापुड़ में है जिसे 50 हजार रुपए प्रतिमाह पर लिया गया था, चोरी किए गए वाहनों को उक्त गोदाम में ले जाकर उनके पार्ट्स काटते थे तथा उन पार्ट्स को दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर बेचकर प्राप्त धनराशि को आपस में बाँट लेते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा पूर्व में थाना क्षेत्र सूरजपुर एवं दिल्ली से भी बड़े वाहनों की चोरी करना बताया गया है। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

# ग्रेनो के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित करेगा प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को और अधिक हरा- भरा बनाने के लिए शहर के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित की जाएगी। इसके लिए जगह चिन्हित कर प्राधिकरण ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। इच्छुक एजेंसियों से चार फरवरी तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। इससे हरियाली के साथ प्राधिकरण की आमदनी भी बढ़ेगी।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक शहर में हरियाली बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए हरित क्षेत्र में पौधरोपण के साथ नर्सरी की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इसके तहत सेक्टर अल्फा-1 के जी ब्लॉक में 15,769 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नर्सरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए आरक्षित मूल्य 7.75 लाख रुपये तय किया गया है।

वहीं, सेक्टर अल्फा-2 के जी ब्लॉक में 23,785 वर्ग मीटर क्षेत्र में नर्सरी शुरू करने की योजना है, जिसका आरक्षित मूल्य करीब 11.75 लाख रुपये रखा गया है। इसके अलावा सेक्टर टेकजोन-4 में 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भी नर्सरी विकसित की जाएगी। इसका आरक्षित मूल्य करीब तीन लाख रुपये निर्धारित किया गया है। चयनित एजेंसी को नर्सरी के रखरखाव और संचालन के लिए पांच साल के लिए दिया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक यदि एजेंसी का कार्य संतोषजनक पाया गया तो तीन साल का समय और बढ़ाया जा सकता है। इससे प्राधिकरण को कमाई भी होगी और हरियाली भी बढ़ेगी। बता दें कि अभी ग्रेटर नोएडा में कुल नौ नर्सरी संचालित की जा रही हैं। इनमें से सेक्टर ईटा-1 स्थित नर्सरी की देखरेख प्राधिकरण खुद करता है,बाकी निजी एजेंसियों द्वारा संचालित की जाती हैं।

नर्सरी के लिए ऐसी जमीन दी जाती है,जिस पर निर्माण कार्य नहीं हो सकता। हाईटेंशन लाइन के नीचे की जमीन पर कई नर्सरी संचालित की जा रही हैं। हरियाली को बढ़ावा मिलेगा प्राधिकरण की इस पहल से न केवल शहर में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। शहर को स्वच्छ व हरा भरा बनाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

## उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कर्मचारी बढ़ाए जाएंगे

**नोएडा।** विद्युत निगम में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अभियंता और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसके लिए मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है।

जिले में नई व्यवस्था के तहत हर कार्य के लिए अलग अभियंताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। ऐसे में स्टाफ की कमी की वजह से बिल ठीक करने समेत अन्य कार्यों में समय लग रहा है। इस समस्या से पीवीवीएनएल के एमडी को भी अवगत कराया गया था। उन्होंने प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद विद्युत निगम ने अतिरिक्त बाबू और अभियंताओं का प्रस्ताव बनाकर मेरठ मुख्यालय को भेजा है। उम्मीद है कि इस सप्ताह की बैठक में प्रस्ताव को स्वीकृति मिल जाएगी।

# सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच मारपीट, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना बीटा-2 क्षेत्र स्थित निम्बस सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच हुई जमकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले में डिलीवरी बॉय और 3 सिक्योरिटी गार्ड है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम को एक डिलीवरी बॉय, डिलीवरी देने निम्बस सोसाइटी के मेन गेट पर पहुंचा था, लेकिन गलती से उसने किसी दूसरे फ्लैट की घंटी बजा दी। इस बात को लेकर रेजिडेंट ने सिक्योरिटी गार्ड को सूचना दी। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि



डिलीवरी बॉय ने फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया, जिसके बाद झगड़ा और बढ़ गया। घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पूरी घटना निम्बस सोसाइटी के गेट पर हुई, जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। मारपीट के दौरान सोसाइटी के अन्य लोग और राहगीर भी सहमे नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह से हालात पर काबू में किया। वहीं अब पुलिस की टीम ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि निम्बस सोसाइटी के गेट पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने रोहन पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम रायपुर बांगर थाना दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 20 वर्ष, आकाश सिंह पुत्र पाली सिंह निवासी सवापुर थाना खैर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर, अभिषेक पुत्र सतीश चन्द निवासी गौशगंज थाना पटयाली जिला कासगंज उम्र करीब 19 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर तथा राजेश कुमार पुत्र छिद्दू सिह निवासी ग्राम तालेपुर थाना जवा जिला अलीगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष हाल पता ग्राम चुहडपुर थाना ईकोटेक-1 गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के पास एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार देर रात एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार, मूलरूप से हरदोई जिले के निवासी निरंकार नोएडा में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी 39 वर्षीय पत्नी ज्योति की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उन्हें 20 जनवरी को दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।।शनिवार देर रात पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान ज्योति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह घटना डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है। इस घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने अस्पताल में हंगामा भी किया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोग मृतक के शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही घर ले गए। इस मामले में परिजनों की तरफ से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर प्रदेश दिवस-2026: बच्चों ने पेश किए रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के शिल्प हाट में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के दूसरे दिन स्कुलों के बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। वहीं सरकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय स्टाल और प्रदर्शनियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यहां आयोजित कार्यक्रमों के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवकांत द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस जैसे आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प, सांस्कृतिक विविधता एवं प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं, महिलाओं एवं उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश की विकासात्मक योजनाओं, निवेश संभावनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति आमजन की जागरूकता और सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन का लाभ उठाएं।

वहीं उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। आर्य पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर-12, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर सेक्टर-51, सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल, बीजीएस विजनाथन स्कूल, राव कासल पब्लिक स्कूल, वर्ल्ड स्कूल ग्रेटर नोएडा एवं सरला चोपड़ा डीएवीपी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, नृत्य नाटिका, लघु नाटिका एवं समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त कथक नृत्यांगना अनुराधा द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कथक नृत्य, कवि रघुवर आनंद के भावपूर्ण कविता पाठ तथा अश्रुत बैंड द्वारा बांसुरी वादन एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जनसामान्य को विशेष रूप से आकर्षित किया।

उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित स्टाल एवं प्रदर्शनियां भी लगाई गई है। इनमें पशुपालन, विद्युत, कृषि, महिला कल्याण, समाज कल्याण, आयुष, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, पुलिस विभाग, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम सहित अनेक योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। इसके साथ ही विभिन्न फूड स्टालों पर आगंतुकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया।

# जलभराव की समस्या को दूर करने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया जाएगा। जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए प्राधिकरण ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए सलाहकार एजेंसी का जल्द चयन किया जाएगा। बेंगलुरू में काम कर चुकी एक कंपनी इस सप्ताह अधिकरियों के समक्ष अपना प्रस्तुतिकरण देगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक चयनित सलाहकार एजेंसी जलभराव के कारणों का पता लगाने के साथ समस्या के समाधान को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

नाली का निर्माण करने के साथ आधुनिक तकनीक एआई, सेंसर और वास्तविक समय निगरानी प्रणाली जैसी उन्नत प्रौद्योगिकी की भी मदद ली जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं पर भी पानी जमा न होने पाए। नोएडा के सेक्टर- 105 में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद निर्माणाधीन साइट सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा के उपायों को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कई स्थानों पर बारिश के मौसम में जलभराव हो जाता है। आबादी के बीच स्थित तालाबों से भी हादसे का खतरा बना रहता है। बिल्डरों की साइट पर निर्माण कार्य भी चलता रहता है।

## सुरक्षा कर्मियों पर सामान चोरी करने का आरोप, मामला दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र की यूरेका पार्क सोसायटी के सुरक्षाकर्मियों पर सामान चोरी करने का मामला दर्ज किया गया है। अल्फा वन निवासी सनातन राउत ने बताया कि उनके पास टाटा यूरेका पार्क सोसायटी से इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का कांट्रेक्ट है। आरोप है कि 21 जनवरी को सोसायटी के स्टोर के ताले टूटे मिले और सामान चोरी कर लिया गया था। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि सोसायटी के एसटीपी विभाग में काम करने वाला निशांत और सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार द्वारा चोरी की गई है। आरोपी एक कार में छह पेटी कापर वायर और दो बैग स्क्रैप समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डीएनडी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भव्य स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से मथुरा जाते समय नोएडा में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का डीएनडी पर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, स्वागत कार्यक्रम में विधायक तेजपाल नागर, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, अध्यक्ष अमित चौधरी, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित पार्टी के अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन किया।



इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र, समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व भाजपा संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई मजबूती प्रदान कर रहा है। उनका मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ा रही है। सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं विधायक पंकज सिंह ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठनात्मक अनुशासन, विकास की राजनीति और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखना ही भाजपा की पहचान है।

# ट्रैवल एजेंसी के मालिक विशाल कुमार राय को लाखों की धोखाधड़ी के आरोप में रीवा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में ट्रैवल टिकट बुकिंग करने के नाम पर दो लोगों से लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले एक ट्रैवल्स एजेंसी के मालिक को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने रीवा, मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-63 में दो लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया था कि ट्रैवल टिकट बुकिंग करने के नाम पर उनसे धोखाधड़ी करते क्रमशः 1.40 लाख व 84 हजार रुपये व अन्य व्यक्तियों के साथ में भी लाखों रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में थाना पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही थी। थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि




आज मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त विशाल कुमार राय पुत्र स्व. अंबरनाथ राय को रीवा, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गाजियाबाद के रहने वाला है। इसके कब्जे से 1 टैब व 2 मोबाइल फोन बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह ट्रैवल्स एजेंसी कंट्री हॉलिडे ट्रैवल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ए कंट्री हॉलिडे इंश्योरेंस एंड सूट्स का मालिक है। इस कंपनी के द्वारा लोगों को वेकेशन पैकेज बेचे जाते थे और उन पैकेजों पर जब ग्राहक उससे सेवा मांगते थे, तो उसकी कंपनी ग्राहकों को अगली तारीख देते हुए सेवा में देरी करती थी। इससे लोग हार-थक कर बैठ जाते थे और उसे अच्छा-खासा मुनाफा होता था। वहीं जो लोग उसके पीछे पड़ते थे, वह उन्हें सेवा दे देता था और उनसे रिव्यू लेता था। उस रिव्यू को वह अपनी कंपनी की वेबसाइट पर डाल देता था, जिससे अन्य लोग प्रभावित होकर उसकी कम्पनी से जुड़ जाते थे। इसी तरह उसने अच्छा-खासा पैसा कमाया। उन्होंने बताया कि पुलिस अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहाय के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

## आज रात से बदलेंगे मालवाहक वाहनों के रास्ते, ताजा ट्रैफिक अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली में रविवार रात 10 बजे से सोमवार दोपहर 2 बजे तक मालवाहक वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से जाना होगा। चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी और कालिंदी कुंज से इन वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इन सभी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों पर डायवर्ट किया जाएगा ताकि दिल्ली में यातायात सुगम बना रहे।

चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य प्रवेश कर वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।डीएनडी (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन फलैदा कट, रबुपुरा से सर्विस रोड होकर, गलगोटिया, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से होते हुए पुस्ता तिराहे से होण्डा सीएल चौक से कस्बा कासना से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। कालिन्दी कुंज यमुना (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अण्डरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायेंगे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली राज्य में जाने वाले वाहन जीरो प्वाईन्ट से परी चौक की ओर डायवर्ट किये जायेगे जो ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

# उदित की मौत से सहमे छात्र हॉस्टल छोड़ने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में टीजेड हास्टल के मालिक शिखर व वार्डन धर्मपाल सिंह की पिटाई से आहत बीटेक के छात्र उदित सोनी की मौत के बाद हॉस्टल के अन्य छात्र सहम गए है। यहां तक कि कई छात्रों ने हास्टल खाली करने की तैयारी कर ली हैं। यहां तक परिजनों के फोन आने के बाद कुछ छात्र अपने घर भी चले गए है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक झांसी के थाना मऊरानीपुर अंतर्गत गड़ीफतेहपुर निवासी विजय सोनी का बेटा उदित सोनी गलगोटिया विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था, वह नॉलेज पार्क क्षेत्र के एक निजी ईजेड हास्टल के रूम नंबर 404 में रहता था।

शनिवार दोपहर वह दोस्तों के साथ शराब पीकर हास्टल पहुंचा था। हास्टल मालिक शिखर और वार्डन धर्मपाल सिंह ने उससे 10 हजार रुपए जुर्माना भरवाने के बाद मारपीट की थी। साथ ही उसका वीडियो बनाकर परिजनों को भेज दिया, जिससे आहत होकर उदित ने शनिवार रात करीब 10 बजे हास्टल की चौथी मंजिल से कूद कर जान दे दी। घटना को लेकर हास्टल में रहने वाले कई छात्र आक्रोशित व डरे हुए है। कुछ छात्रों ने घटना के बाद हास्टल संचालक की मनमानी का पर्दाफाश किया। परिजनों को इन बातों की भी जानकारी दी थी। स्वजन के कहने पर कई छात्र शनिवार को ही हास्टल से घर चले गए। वह परिजनों के साथ लौट कर जमा किया बाकी शुल्क वापस कराकर दूसरे हास्टल में रहने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ छात्रों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि घटना के बाद पथराव व तोड़फोड़ से हास्टल में नुकसान हुआ है। आशंका है कि हास्टल संचालक नुकसान की भरपाई के लिए दबाव बनाएंगे। ऐसे में कुछ छात्रों ने हास्टल के जिम्मेदारों को प्रार्थना पत्र देकर बकाया शुल्क वापस मांगा है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है, सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तोड़फोड़ करने के मामले में अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है, पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर तीन के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गैंग्स्टर के आरोपी की जमानत में वाहन के फर्जी कागज प्रस्तुत कर अदालत को गुमराह करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। जमानत में प्रस्तुत वाहन के कागजात का एआरटीओ कार्यालय से सत्यापन कराने पर जालसाजी सामने आई है। जानकारी के अनुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, तृतीय अदालत की अदालत गैंग्स्टर एक्ट के आरोपित उमरदराज की जमानत होनी थी। उनके जमानती दिल्ली की आरपीएस कालोनी निवासी जगमोहन गुप्ता ने जमानत के तौर पर दो पहिया वाहन के कागजात प्रस्तुत किए थे। कोर्ट ने दिल्ली स्थित आरटीओ कार्यालय से वाहन के कागजात की जांच कराई तो फर्जी होने की जानकारी हुई। मामले को न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूरजपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। कोर्ट के वरिष्ठ बाबू नवीन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अदातल में जमानत में जालसाजी कर फर्जी कागजात लगाते हैं। अदातल को गुमराह करने के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने उमरदराज और जगमोहन गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। नवीन कुमार ने इसी अदालत में जमानत के एक अन्य मामले में भी आरोपी तुन व जगमोहन गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक से टकराई कार, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक लेन में खड़े ट्रक से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। कार मालिक ने ट्रक चालक के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। थाने में दी शिकायत में हरियाणा के झज्जर गांव निवासी गौरव ने बताया कि इसी माह की नौ तारीख को वह साथी विशाल और रवि के साथ कार से घर जा रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक से दिल्ली की ओर चले।




एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में मार्ग पर ओवरटेक लेन में पंजाब नंबर का ट्रक खड़ा था। उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त घायल को गए। टक्कर से कार के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

राहगीरों ने तीनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गौरव ने मामले की शिकायत पुलिस से की। गौरव का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर गलत तरीके से ट्रक खड़ा करने के कारण ही हादसा हुआ। गनीमत रही कि जिस समय कार ट्रक से टकराई, गति काफी कम थी। पुलिस ने बेतरकीब तरीके से वाहनों को सड़क पर खड़ा करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को ट्रक का नंबर भी उपलब्ध कराया है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ मौत का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिजियोथेरेपिस्ट युवती का पेड़ से शव लटका मिलने पर आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या का होना पाया गया। हालांकि परिजन पड़ौस में ही रहने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। जिसको लेकर उन्होंने शनिवार को खासा हंगामा भी किया। युवती ने किन कारणो से आत्महत्या की है यह सवाल अभी भी बना हुआ है।

देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी फिजियोथेरेपिस्ट युवती का शव गांव चेतनपुरी के जंगल में पेड़ से लटका मिला था। युवती 22 जनवरी की शाम से लापता थी। जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने 23 जनवरी को दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की आशंका पर गांव के ही एक युवक को हिरासत में लिया था। इतना ही उक्त युवक से पूछताछ के बाद गांव चेतनपुरी निवासी एक अन्य युवक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। लेकिन इस दौरान शनिवार को युवती का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि इस दौरान डॉग स्कावयड सहित फारेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंच जांच की। लेकिन हत्या किए जाने के कोई सबूत उन्हें नहीं मिले थे। रविवार को मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आत्महत्या की पुष्टी हुई। युवती देवबंद स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपिस्ट का कार्य करती थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेंगिंग आया है। जिससे युवती रविना द्वारा स्वंय आत्महत्या किए जाना प्रतीत होता है। बीएसपी के जिला संयोजक सुशील जायसवाल ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। हालांकि यह सवाल अभी भी बना हुआ कि युवती ने किन कारणो से आत्महत्या की है।

वहीं, रविवार को गांव के श्मशामघाट में पुलिस की मौजूदगी में रवीना का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बसपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम, विधानसभा प्रभारी रेनू बर्मन, विधानसभा प्रभारी डॉ. रो. बिन समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता ने नकारा : मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता की रस्म तेहरवी में पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता ने नकार दिया है। इसलिए अब कांग्रेस के लोग पार्टी को नकार रहे हैं। कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश के कंफ्यूज नेता है। बिहार की हार के बाद उनकी बयानबाजी से हताशा झलक रही है। इसलिए वह आजकल विवादित बयानों के लिए ही जाने जा रहे हैं। हालांकि जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज और यूजीसी पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने चुप्पी साधली।

# जगतगुरु शंकराचार्य का अपमान सहन नहीं किया जाएगा : विरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पथिक जनशक्ति पार्टी ने जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज समेत अन्य संतों को अपमानित किए जाने की कड़ी निंदा की है। साथ ही इसके विरोध में 26 जनवरी से जन जागरण यात्रा शुरू निकालने का निर्णय लिया है।

गांव मीरगपुर में हुई बैठक में संगठन के अध्यक्ष चौधरी विरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने जा रहे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती समेत अन्य संतों को सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा अपमानित किया गया है। इतना ही नहीं एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य को कालनेमि तक कह दिया, जो बेहद निंदनीय है। कहा कि योगी सरकार हिंदूवादी होने का ढोंग रचती है। संतों का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। कहा कि इसके विरोध में जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी जो देवीकुंड रोड स्थित शहीद स्मारक से शुरू होकर हरिद्वार पहुंचेगी और वहां से गंगाजल लाकर जनता के बीच पहुंचा जाएगा और बताया जाएगा कि कालनेमि कौन है। उसी गंगाजल से प्रयागराज में जाकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान कराया जाएगा। संचालन प्रदेशाध्यक्ष इकराम सिंह ने किया। राजपाल सिंह, वरिष्ठ गुर्जर, मामचंद प्रधान, पूरण सिंह, सुरेश, विक्रम सिंह, संदीप कुमार व अंकुर चौधरी आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में नगर पंचायत सभासद की भाभी की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अंबेहटा ( सहारनपुर )।** अभी-अभी आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।घटना खेड़ा अफगान रोड पर गांव चारपचिडी के पास हुई, जहां सड़क किनारे खड़ी एक ट्रॉली में एक टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वार्ड नंबर 4 से नगर पंचायत सभासद मुसर्रत कुरैशी की भाभी 45 वर्षीय सबिया पत्नी असरु मोहल्ला किला की मौत हो गई। सभासद मुसर्रत कुरैशी ने बताया कि भाई अशरु अपनी पत्नी सबिया को लेकर सहारनपुर से टेंपो में सवार होकर अंबेहटा घर लौट रहे थे। गांव चारपचिडी के पास यह हादसा हुआ है। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

# हर वोट जरूरी-पहले मतदान-फिर जलपान

## माय भारत, एनसीसी व भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर लोकतंत्र के उत्सव में सराबोर नजर आया। जिले में मतदाता जागरूकता, सहभागिता और समावेशन को केंद्र में रखते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन, शैक्षिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की महत्ता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश पूरे कार्यक्रम में केंद्र में रहा।



कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को प्रेरक बना दिया। वेदान्तिक इंटरनेशनल स्कूल तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बावली के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और समूह-प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

हमतदान देने जाएंगे भारत के लिए, मैं भारत हूँ जैसे गीतों पर प्रस्तुतियों ने युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान के प्रति गर्व का भाव जगाया। बच्चों की प्रस्तुतियों में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक कर्तव्यों की झलक सफ़ दिखाई दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा। इसी क्रम में माय भारत, एनसीसी तथा भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हर वोट जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेश गूंजे। रैली के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की बालिकाओं द्वारा बनाई गई। रंगोली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी ने रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मकता के साथ दिया गया संदेश लंबे समय तक लोगों के मन में रहता है। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज लगाकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण रहा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की आधारशिला है। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्फल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों और नागरिकों का सम्मान भी किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता में सक्रिय योगदान देने वाले नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि समाज के विभिन्न वर्गों में बुजुर्ग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों और युवाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदाता बने पाँच युवाओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर गर्व और उत्साह देखने को मिला। तीनों तहसीलों से दो-दो उत्कृष्ट बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के नौ विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मौके पर मौजूद पत्रकार भी सम्मानित किए गए। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने संबा. धन में कहा कि विशेष प्रगाश पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिस प्रकार जिले के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इसी सहभागिता के परिणामस्वरूप ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। नागरिकों से अपील की गई कि वे ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें, ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी की भागीदारी से ही चुनावी प्रक्रिया समावेशी बनती है।

# जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन ने स्वीप बागपत एप पर इन सेवाओं को जोड़ा है जिससे नागरिकों को एक ही क्लिक पर जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में एसआईआर और मतदाता जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जयभगवान शर्मा को सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक लोकतांत्रिक संदेश पहुँचाने वाली पारुल चौधरी को भी सम्मानित किया गया। राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं स्वीप आइकॉन अमन कुमार को युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही माय भारत स्वयंसेवक निखिल एवं सेवानिवृत शिक्षिका ओमबीरी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। स्वीप गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं मतदाताओं को जागरूक बनाने में सूचना विभाग के कार्यों की प्रशंसा हुई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता प्रीति शर्मा, अंतरिक्ष कुमार, उमेश कुमार, राम. निवास, संध्या रानी, नीतू यादव, डा.सुधा शर्मा, संगीत शिक्षक रमन कुमार आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी मलखान सिंह तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** संवेदनशील पहल बनी मिसाल, मानवीय कर्तव्यों का उत्सवरू राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में लोकतंत्र के उत्सव के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता की भी सशक्त मिसाल देखने को मिली, जब मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बीच नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के साथ-साथ मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। मौजूद एसडीएम, मुख्य पुजारी, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, स्वीप आइकॉन, स्वयंसवेकों ने पहल करते हुए संकल्प पत्र भरा।



# खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**बडौत।** नगर में आईएमए ब्रांच बड़ौत ने एक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जिसमे सभी बड़ौत के सम्मानित डॉक्टर्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ एक मैसेज आम जनता को भी दिया कि आप सभी प्रतिदिन व्यायाम करें।

इस अवसर पर आईएमए ब्रांच बडौत सेक्रेटरी डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि अगर हमें अपने जीवन में स्वस्थ रहना है तो हमें प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहिए ताकि हमारे शरीर की नसों का खून हमारी नसों में दौड़ता रहे खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से डा.गीतांजलितोमर ने कहा कि महिलाओं को समय-समय पर खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए जब हम खेल कूद प्रतियोगिता और व्यायाम करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्पोर्ट्स समारोह में डा.संजय जैन अध्यक्ष आईएमए ब्रांच बड़ौत तथा डा. पंकज कुमार सेक्रेटरी आईएमए बड़ौत के साथ सभी वरिष्ठ चिकित्सक डा.सुरेंद्र शर्मा, डा. सुखपाल तोमर, डा.विनोद जैन, डा.अनिल जैन, डा.प्रदीप जैन, डा. अरविन्द कुमार, डा.ओमबीर तोमर, डा.मनीष तोमर, डा.हरीश विश्वकर्मा, डा.गीतांजलि तोमर, डा.पुष्पा वर्मा, डा.राकेश जैन, डा. वैभव जैन, डा.शुभम जैन, डा. सुधा रानी, डा.शेखर तोमर, डा. आशीष जैन, वसुधा जैन, डा.जित. ेंद्र मलिक, डा.मुदित गर्ग, डा. संगीता गर्ग आदि मौजूद रहे।

# देश की एकता का प्रतीक बनी तिरंगा यात्रा, हापुड़ में दिखा राष्ट्रप्रेम का उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बसपा के मंडल प्रभारी मनजीत चौधरी के नेतृत्व में रविवार को असौड़ा गांव से भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम के जज्बे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे हापुड़ शहर का भ्रमण किया। तिरंगे से सजी सैकड़ों गाड़ियों और ट्रैक्टरों की कतारों ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा में करीब 200 ट्रैक्टर और 150 कारें शामिल रहीं, जिन पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मनजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मंजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आस्था, बलिदान और संघर्ष की गाथा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना चाहते हैं। आज जरूरत है कि हर नागरिक जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करे। जब देश मजबूत होगा, तभी किसान, मजदूर, व्यापारी और हर वर्ग सुरक्षित और समृद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन देशहित हमेशा किसानों के अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी देश के सम्मान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। तिरंगे का सम्मान ही सच्ची देशभक्ति है और यही संदेश इस यात्रा के माध्यम से यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने लोगों को देश के प्रति एकजुट होने का संदेश दिया और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

# दिनेश शर्मा ने सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कला में दिल्ली पुलिस के रिटायर एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों को भेंट किये तोहफे।

एसीपी दिनेश कुमार शर्मा प्रतिवर्ष दिल्ली से अपने गाँव पहुँचकर बचपन की स्मृतियों को जीवित करते हुए गाँव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोपण कर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाते है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस के इस जश्न की यह खुशियाँ कई गुना बढ़ जाती है जब मैं अपने बचपन की यादों को जीवत करते हुए इन नौनिहालों के साथ गणतंत्र व स्वतन्त्रता दिवस मनाता हूँ और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेता हूँ। गाँव की मिट्टी की खुशबू मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संदीप अग्रवाल एसिस्टेंट डायरेक्टर (ईडी) ने कहा एसीपी दिनेश कुमार शर्मा का गाँव और उससे जुडी यादों का राष्ट्रीय दिवस के साथ अपनों से साझा करना संस्कार और संस्कृति के जीवित होने का प्रमाण और हम सबके लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल रिटायर एसिस्टेंट डायरेक्टर ED, किशन बंसल उद्यमी, विक्रम राणा रि. एसीपी, रि. ओमबीर पवाँर एसीपी रि. हरपाल सिंह एसीपी रि.राजपाल सिंह एसीपी राजीव कास्त्रों, ललिता अग्रवाल, राजीव पण्डित ककौर कला जिला सहसंयोजक भाजपा सुशासन व केन्द्रिय राज्य शासनीय समन्वय विभाग, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, कुलदीप भारद्वाज, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौ रक्षक मनमोहन जिन्दल आदि उपस्थित रहे।



# चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई महिला के शव की शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बाघु गांव में एक खेत में महिला का 80 प्रतिशत जला हुआ शव मिला था। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही इस मामले में कोई खुलासा हुआ है। यह शव किसान नेता जगत सिंह के खेत में बने उपलों के बिटोड़े में मिला था। बताया गया है कि चार दिन पहले रात में बिटोड़े में अचानक आग लग गई थी। सुबह जब किसानों ने जाकर देखा, तो वहां एक महिला का जला हुआ शव मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक सैंडल और महिला का कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ था। महिला का शरीर अधिक जल जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और कई लोगों से पूछताछ भी की है। पुलिस अधिकारी इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दसवीं कक्षा की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के तीन युवकों ने छात्रा के साथ इस वारदात को अंजाम दिया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब दस दिन पहले उनकी बेटी स्कूल जा रही थी, तभी गांव का आरिफ अपनी गाड़ी लेकर आया। आरिफ ने जबरन उनकी बेटी को गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरिफ ने छात्रा को अश्लील वीडियो वायरल करने और उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी। धमकी से डरकर छात्रा गाड़ी में बैठ गई। आरोप है कि आरिफ ने उससे धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की बात कही। इसी दौरान छात्रा ने शोर मचाया तो आरा. ेपी उसे कार से उतारकर मौके से फरार हो गया। घर आकर छात्रा ने परिजनों को पूरी घटना बताई। छात्रा ने परिजनों को बताया कि आरिफ पिछले डेढ़ साल से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर रहा था। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी दी कि आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आरिफ अपने साथियों के साथ घर से स्कूल जाते समय उसका पीछा करता था। छात्रा ने डेढ़ साल पहले हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आरोपी ने उसकी एक एडिटेड अश्लील वीडियो बना ली थी। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। डर के कारण छात्रा ने डेढ़ साल तक परिजनों को इस बारे में कुछ नहीं बताया था।

# पुलिस ने चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**बागपत।** सिंघावली अहीर पुलिस ने नलकूप उपकरण चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, ये चोर पहले रेकी करते थे और फिर रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान तरुण और सुनील के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के भनेड़ा निवासी हैं। तरुण फिलहाल सराय कस्बे में रह रहा था। इनकी गिरफ्तारी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बाद हुई। 6 नवंबर को सारी कस्बे में एक दुकान में चोरी हुई थी, जिस पर मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को भी इन्होंने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त तरुण पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 25 आपरा. धिक मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील पर भी 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी करने के उपकरण, 61 कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, सिगरेट-बीड़ी-पान मसाला के पैकेट और 5 किलोग्राम ट्यूबवेल से चोरी किया गया केबल बरामद हुआ है।



# नगर पुलिस ने 8 वारंटियों को भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध पर अंकुश लगाने और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आठ वारंटियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# कमिश्नर डा.रूपेश ने दिलाई मतदान की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार द्वारा 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाई। इससे पूर्व उन्होंने मण्डलायुक्त कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस वर्ष 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की थीम मेरा भारत मेरी वोट रही जिसकी टैगलाइन सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इण्डियन डेमोक्रेसी थी।

मंडलायुक्त ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री ज्ञानेश कुमार का मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वीडियो दिखाई गयी जिसके माध्यम से सभी ने उनका संदेश सुना। डॉ. रूपेश कुमार ने जनमंच सभागार में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान एक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। बिना किसी लालच व दबाव के अपने मत का प्रयोग करें। मतदान हमारा अधिकार और सही उपयोग हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता के हाथों में है। सही व्यक्ति को पहचान कर वोट करें और वोटिंग प्रतिशतता को बढ़ाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि एक जागरूक मतदाता अपने देश की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए मतदान जरूरी है। वोट बनवाने के साथ ही मतदान की प्रक्रिया को ठीक से समझें एवं दुष्प्रचार से बचें। किसी के कहने पर विश्वास न करें, स्वयं समझ कर निर्णय लें। आज का युवा ही आने वाले समय में देश की सशक्त नीव बनेंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें एवं प्रयास करें कि आपके परिवार के सभी लोगों का मत एक ही स्थान पर हो। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने अपनी वोट बनवाने के नियम, आयु सीमा, फॉर्म, एप के संबंध में मतदाता जागरूकता एवं मतदान की प्रक्रिया से संबंधित नए वोटरों को जानकारी दी। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीचग्रो पब्लिक स्कूल, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम इन्टर कॉलेज, गुरूनानक गर्ल्स इन्टर कॉलेज, राजकीय इन्टर कॉलेज, जेबीएस इन्टर कॉलेज के बच्चों ने देश भक्ति गीत, भाषण, नुक्कड नाटक, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जो मतदाता जागरूकता पर आधारित थी। कार्यक्रम में बेहट विधानसभा से स्वराज, श्रीमती रीता गुप्ता, नकुड़ विधानसभा से राजेश शर्मा, राजेश जैन, सहारनपुर नगर विधानसभा से आकाश भारद्वाज, श्रीमती सपना, सहारनपुर विधानसभा से पूनम, राजेश, देवबन्द विधानसभा से प्रवेन्द्र कुमार बावरा, अतुल सिंघल, रामपुर मनिहारान विधानसभा से कामना पंवार, राहुल काम्बोज, गंगोह विधानसभा से मनोज कुमार, सोनू कुमार को अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक, सुरेन्द्र चौहान, कार्यक्रम संचालक राकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

# गौकश से बेहट पुलिस की मुठभेड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक गोकश की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गोकश को गिरफ्तार कर लिए गया पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। पुलिस ने उस के कब्जे से एक बाइक तथा अवैध तमंचा कारतूस भी बरामद किया है।

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने पुलिस फोर्स के साथ शाहकंभरी मार्ग पर चड्ढा फार्म के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तो चेकिंग के दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार संदिग्ध एक व्यक्ति आता दिखाई दिया तो उसे रोकने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा किया तो पीछा करते हुए उस की बाइक गड्ढे मे फिसल कर गिर गई खुद को वह पुलिस से घिरता हुआ देख उसने पुलिस फायरिंग कर दी तो पुलिस ने आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान एक गोली बदमाश के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछता की गई तो उसने पुलिस को अपना नाम भुरा पुत्र आलिम निवासी गांव चांडी थाना बेहट बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस 315 बोर गोकशी करने के उपकरण तथा बिना नंबर की एक बाइक भी बरामद की गईहै। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार हुए बदमाश के विरुद्ध गोकशी सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# चर्चों में बच्चों ने दी परीक्षा

**सहारनपुर।** महानगर के विभिन्न चर्चों में आज बच्चों ने ईसाई धर्म शिक्षा की परीक्षा दी। गौरतलब है कि परीक्षा देने वाले बच्चे रोमन कैथोलिक स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

आज महानगर के विभिन्न चर्चों जिनमें सैक्रेड हार्ट चर्च, असेंबली ऑफ गॉड चर्च, संत थॉमस चर्च, सी.एन.आई चर्च और अन्य चर्च के बच्चों ने ईसाई धर्म शिक्षा की परीक्षा दी। इस दौरान कक्षा एक से लेकर कक्षा छह तक के बच्चों ने मौखिक परीक्षा दी और सातवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने लिखित परीक्षा दी। इस परीक्षा के जो प्रश्न है वह प्रश्न बाइबल के अनुसार पूछे जाते हैं और लिखित परीक्षा में बाइबल के अंदर के प्रश्न आते हैं जो लिखित में देने होते हैं, जिसकी उत्तर पुस्तिकाएं मेरठ जोन में परीक्षण की जाती हैं और वहा से मूल्यांकन कर अंक दिए जाते है। यह परीक्षा संत मैरिज एकेडमी, सोफिया इंटर मीडिएट स्कूल कोर्ट रोड पर हुई। यह परीक्षा सेंट मेरिज एकेडमी की प्रधानाचार्य सिस्टर शीला सोलंकी और प्रधानाचार्य जीवन लता और फादर स्त टीयागो और सिस्टर उषा अध्यापिका एडविन की देख रख में सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य सिस्टर शीला सोलंकी ने बताया ये परीक्षा समस्त ईसाई बच्चों के लिए हर साल दी जाती है। फादर जॉन चिमन ने बताया कि हमारे समस्त कैथोलिक कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले ईसाई समाज के बच्चों के लिए ये परीक्षा देना अनिवार्य है।

# राम सुंदर दास महाराज के दर्शनों को उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 1008 राम सुंदर दास जी महाराज के सहारनपुर पहुंचने पर भक्तो द्वारा किया गया भव्य स्वागत, हजारों की संख्या मे भक्तो ने किये दर्शन लिया आशीर्वाद, संत निवास के लिए भूमि पूजन किया गया। नगर के नुमाइश कैंप स्थित लाल द्वारा देवपुरम मे आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार की शाम ध्यानपुर से 1008 रामसुंदर दास जी महाराज मंदिर परिसर पहुँचे तो पूरा प्रांगण बावा लाल दयाल जी के जाये कारो से गूंज उठा और भक्तो द्वारा महाराज जी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम मे प्रात: 9:00 बजे राम सुंदर दास जी महाराज ने भक्तो को सर्वप्रथम नाम दान दीक्षा दी, जिसके बाद विधि विधान से संत निवास का भूमि पूजन किया और भक्तो को दर्शन दिये। सुबह से ही महाराज जी के दर्शन के लिए भक्तो की लम्बी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। इस अवसर पर भजन मंडलियो द्वारा बावा लाल दयाल जी के भजनो का गुणगान किया गया, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमें, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधान सेवक आशीष लाल मेहता ने राम सुंदर दास जी महाराज सहित सफल आयोजन के लिए आये हुए सभी भक्तो, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम मे मंत्री मोहनलाल पूरी, कोषाध्यक्ष चंदन सचदेवा, सुभाष कालरा, राकेश दत्ता, नरेंद्र भाटिया, शमी, बलकार सिंह, सुरेंद्र शेट्टी,आशीष, आनंद, श्याम, विजय सचदेवा, विजय शर्मा, रेखा चावला, दीपा नैयर, अमित गुजर, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# शाकम्भरी गेट के पास दुकान के सामने मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट कस्बे के शाकंभरी गेट के पास विकासनगर रोड पर एक दुकान के सामने युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने से हड़कम मच गया सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्य कराई तो उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस जांच पड़ताल मे जुट गई है।

रविवार को कस्बे मे विकासनगर रोड पर शाकंभरी गेट के पास एक दुकान के सामने एक युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कम मच गया मौके पर भीड़ एकत्र हो गई । शव के मिलने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर कब्जे में लेकर उस की शिनाख्त कराई तो शव की पहचान विक्की पुत्र प्रेमचन्द निवासी मोहल्ला महाजनान कस्बा बेहट जिला सहारनपुर के रूप मे हुई।

पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक युवक पिछले काफी दिनों से रात में एक दुकान के सामने ही सोता था। माना जा रहा है युवक की मौत ठंड लगने से हुई है।

# पार्षद फहीम ने मेयर को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा ळप्ै सर्वे के बाद बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर पूरे सहारनपुर में भवन स्वामियों व दुकानदारों को नोटिस जारी करने के मामले को लेकर पार्षद फहाद सलीम ने मेयर डॉक्टर अजय सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें संबंध में ज्ञापन देते हुए नगर वासियों को राहत देने की मांग की।

आज पार्षद फहाद सलीम मेयर डॉक्टर अजय सिंह से दिल्ली रोड उनके के आवास पर मिले और उन्हें एक ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर आयुक्त एवं महापौर द्वारा एक व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत भवन स्वामी स्वयं स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर नगर निगम में जमा कर सकते थे। इस व्यवस्था से जनता को राहत मिल रही थी और टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनी हुई थी। हालांकि, कुछ समय बाद नगर निगम के टैक्स विभाग के अधिकारियों द्वारा इस व्यवस्था को अचानक बंद कर दिया गया। अब निर्णय लिया गया है कि पहले जाँच कराई जाएगी, उसके बाद ही स्वकर निर्धारण प्रपत्र स्वीकार किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि जिन भवन स्वामियों व दुकानदारों की जाँच के दौरान राजस्व निरीक्षक, बाबू एवं कर अधीक्षक से तालमेल रहेगा, उनका टैक्स बिल "सही" बनेगा, जबकि सहयोग न करने वालों को नगर निगम के चक्कर काटने पड़ेंगे। इस नई प्रक्रिया से नगर निगम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में मनाई जयंती व बंसत पर्व




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति श्री सैयद निजामुद्दीन की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरणा से संपन्न हुआ।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या, ज्ञान और संस्कार की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की आराधना हेतु विश्वविद्यालय परिसर में विशेष हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता टीम द्वारा किया गया। हवन-पूजन में कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने यजमान की भूमिका निभाई और विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रोफेसर संजय कुमार,जोगिंदर रोहिला, विभिन्न संकायों के अनेक शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हवन के माध्यम से विश्वविद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा, शैक्षणिक उन्नति तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कामना की गई।

इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम डॉ. शोभा त्रिपाठी एवं श्री जमीरुल इस्लाम के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डायरेक्टर इक एक प्रोफेसर संजय कुमार ने नेताजी के देशभक्ति, त्याग, साहस और राष्ट्रनिर्माण के आदर्शों से अवगत कराया गया। उन्होंने नेताजी के जीवन संघर्ष, आजाद हिंद फौज के योगदान तथा उनके प्रेरणादायी विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना के भाव के साथ हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# हिंदू सम्मेलन से दिया राष्ट्रहित का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हिंदू समाज सम्मेलन समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया।

ग्राम शेखपुरा कदीम में आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता शिवकुमार (प्रांत संपर्क प्रमुख, हिंदू जागरण मंच) ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रहित में कार्य करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश की सबसे बड़ी ताकत है, और उसे सही दिशा देना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रांत प्रमुख ठाकुर सूर्यकांत राणा जी (हिंदू जागरण मंच) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश बिंदल ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता राजपाल ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजू पाल, योगेश गुप्ता, विमल पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य कालूराम, देवेंद्र, आर्यन नारायण पाल, नितेश पाल, प्रयास पाल, किशन सैनी, हरीश गुप्ता, मास्टर गौतम, नीलकमल, उज्जवल त्यागी, आदित्य कुमार, तरुण पाल, विनय पाल, रामकुमार पाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड में प्रतिभा दिखाएंगे विवेक चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे के युवा प्रतिभा ने बॉलीवुड में छलांग लगाई है। छुटमलपुर के सूरज विहार कॉलोनी निवासी सुबोध चौधरी के पुत्र विवेक चौधरी ने अनुराग सिंह निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 में अपनी मजबूत मौजूदगी से सबका ध्यान खींचा है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें सुपरस्टार सन्नी देओल मुख्य भूमिका में हैं। विवेक ने फिल्म में एक जोशीले और बहादुर सिपाही का किरदार निभाया है, जो युद्ध के मैदान में साहस और देशभक्ति का प्रतीक बनकर उभरा है।

विवेक चौधरी ने स्थानीय स्तर पर शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने एएचपी इंटर कॉलेज और जेवी जैन कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग को अपना करियर चुना। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने बॉलीवुड के बड़े मंच तक पहुंच बनाई। बॉर्डर 2 की शूटिंग देहरादून, पंजाब सहित कई राज्यों में हुई, जहां विवेक ने सन्नी देओल के साथ महत्वपूर्ण सीन किए। फिल्म में सन्नी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और रिलीज के साथ ही दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार शुरुआत की और देशभक्ति से भरे दृश्यों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

विवेक का किरदार फिल्म में न केवल एक्शन से भरपूर है, बल्कि भावनात्मक गहराई भी रखता है। युद्ध के दौरान सिपाहियों की बहादुरी, दोस्ती और बलिदान को दर्शाते हुए उनका रोल दर्शकों को भावुक कर गया। छोटे शहर छुटमलपुर से निकलकर बॉलीवुड की चकाचौंध में जगह बनाने वाले विवेक ने साबित किया कि प्रतिभा और मेहनत से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। उनके परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, जो उन्हें देखकर गर्व महसूस कर रहे हैं। पत्रकार सोनू राणा ने विवेक चौधरी बॉर्डर 2 में जबरदस्त किरदार निभाने पर मुबारकबाद दी ओर उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। इस सफलता के बाद विवेक की दूसरी फिल्म द इब्लिश भी जल्द रिलीज होने वाली है। आदर्श शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी, जिसमें विवेक मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह एक अलग तरह की कहानी है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और उजागर करेगी। विवेक चौधरी की यह उपलब्धि न केवल छुटमलपुर बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। छोटे कस्बे से निकलकर बड़े पर्दे पर चमकना आसान नहीं होता, लेकिन विवेक ने अपनी कड़ी मेहनत से यह मिसाल कायम की है। बॉलीवुड में नए सितारे के रूप में



उनकी यात्रा अभी शुरू हुई है और आने वाले समय में वे और बड़ी ऊंचाइयों को छूने वाले हैं। स्थानीय स्तर पर उनका नाम रोशन करने वाले इस युवा अभिनेता को बधाई और शुभकामनाएं!

# कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी: श्वेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि सरकार करोड़ों मजदूरों से रोजगार की गारंटी छीनना चाहती है।कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष करेगी।

क्षेत्र के ग्राम आजमपुर में श्रीमती रविता के निवास पर मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि कॉंग्रेस सरकार ने देश के मजदूरों के कल्याण के उनके रोजगार की गारंटी देते हुए महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना लागू की थी जिसका लाभ लगातार मजदूरों को मिल रहा था।लेकिन अब भाजपा सरकार मनरेगा को रद्द करके देश के करोड़ों मजदूरों से रोजगार गारंटी छीनना चाहती है।श्वेता सैनी ने कहा कि नया विधेयक मजदूरों के हित में नहीं है इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस हमेशा मजदूरों किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है और अब भी उनके हित के लिए संघर्ष करेगी।


इस दौरान सीता भारद्वाज, रुखसार, निशात,इरम, पूजा,राखी, प्रीती आदि मौजूद रही।

## हाउस अरेस्ट किया

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन (जेडीएस) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार (फौजी) को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रात: लगभग 4 बजे हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

बताया जा रहा है कि आज सहारनपुर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई। जनता देश संगठन उत्तर प्रदेश सरकार से पिछले डेढ़ वर्षों से अधिक समय से राज्य में कार्यरत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत कार्य कर रही समूह-सखी महिलाओं के वेतन में बढ़ोतरी की मांग करता आ रहा है। संगठन का आरोप है कि सरकार और प्रशासन द्वारा इन महिलाओं की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। संगठन के अनुसार, इस संबंध में अब तक अनगिनत ज्ञापन सौंपे गये।

# करनैल सिंह को मिला बड़ा मुकाम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** उत्तराखण्ड राज्य के जनपद हरिद्वार स्थित छोटे से गांव हरिपुर टोंगिया के रहने वाले नौजवान युवक करनैल सिंह के लिए यह पल बेहद खास रहा, जब उन्होंने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर-2 में अपना अभिनय देखकर खुशी महसूस की।

देहरादून में हुई बॉर्डर-2 की शूटिंग में करनैल सिंह ने एक आर्मी रोल निभाया था। फिल्म की शूटिंग गढ़ी कैंट क्षेत्र के संतला देवी इलाके में की गई थी। जैसे ही उन्हें इस शूटिंग की जानकारी मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर अपने अभिनय का हुनर दिखाया और आज फिल्म रिलीज होने के बाद बड़े पर्दे पर खुद को देखकर वे बेहद उत्साहित नजर आए। करनैल सिंह को दून फिल्म सिटी की शूटिंग से जुड़ी गतिविधियों की अच्छी जानकारी रहती है। उनका फिल्मी दुनिया से खास लगाव है और देहरादून में कौन-सा अभिनेता आ रहा है, किस प्रोजेक्ट की शूटिंग चल रही हैख्र इसकी खबर उन्हें पहले से रहती है। यही अनोखा शौक उन्हें लगातार फिल्मी दुनिया से जोड़े हुए है। करनैल सिंह ने बताया कि इससे पहले उन्हें गूगल ऐड में भी अभिनय करने का मौका मिल चुका है। वहीं वर्तमान में देहरादून में चल रही कुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की फिल्म "द डेरी ऑफ मणिपुर" की शूटिंग में भी वे अपना योगदान दे रहे हैं। गांव हरिपुर सहित क्षेत्र के लोगों में करनैल सिंह की इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# सिख समाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को नगर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सिख समाज के अनेक लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम दिल्ली रोड स्थित गगन नदी पुल के पास गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार साहिब परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने किया।इस अवसर पर सिख समाज के लोगों ने बसपा की चार बार की सरकार के कार्यों और सर्वसमाज हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए पार्टी में आस्था जताई। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मजबूती से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव सभी वर्गों, जातियों और समाजों के हित में कार्य करती है।कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें मुरादाबाद मंडल के सेक्टर प्रभारी रामकुमार गुलाब, अमर सिंह, अरुण कुमार टिंकू, गजेंद्र सिंह, जिला संयोजक भाईचारा चंद्रपाल सिंह सैनी, करतार सिंह (जिला सचिव) तथा मुकेश कुमार (नगर विधानसभा प्रभारी) प्रमुख रूप से शामिल रहे।इस दौरान सिख समाज के उमेश सिंह, हरनाम सिंह, मेहर सिंह, अमित सिंह, फतेह सिंह, रणदीप सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, साथ ही बलजीत कौर, रणजीत कौर, सिमरन कौर, अनीता कौर और अलका कौर को बहुजन समाज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने कहा कि सिख समाज का बसपा में जुड़ना पार्टी को और मजबूत करेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सर्वसमाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बसपा की सरकार बनेगी।




# मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर पुलिस की पहल से पारिवारिक विवाद का हुआ सफल समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप तथा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत थाना मझोला स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर रविवार को एक पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। यह कार्रवाई उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन की देखरेख में संपन्न हुई। थाना मझोला पर एक महिला द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के पश्चात दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर बुलाया गया। यहां महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी संवाद के माध्यम से विवाद के कारणों को समझाने का प्रयास किया। महिला मिशन शक्ति टीम की समझाइश और सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों पक्ष एक-दूसरे की बातों से सहमत हो गए और आपसी सहमति से विवाद को समाप्त करने पर राजी हो गए। महिला आवेदिका द्वारा अपने प्रार्थना पत्र पर किसी भी



प्रकार की कानूनी कार्रवाई न किए जाने संबंधी लिखित सहमति भी दी गई। काउंसलिंग सफल रहने पर दोनों पक्षों को सकुशल उनके आवास के लिए रुखसत कर दिया गया। पुलिस की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है, जिससे यह संदेश गया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रख रही है, बल्कि पारिवारिक विवादों को संवाद और समझदारी से सुलझाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। इस काउंसलिंग में मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना मझोला से व0उ0नि0 संजय कुमार, म0उ0नि0 मोनिका चौधरी (मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी) एवं म0हे0का0 रीना शर्मा उपस्थित रहीं।

# शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर सेवा कार्य जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर जनसेवा का कार्य श्रद्धा और समर्पण के साथ जारी है। आज की रसोई में अरहर की दाल एवं चावल का भोग तैयार कर श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि "सेवा ही सच्ची पूजा है। भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से जरूरतमंदों को भोजन कराना ही हमारा धर्म है। जब तक समाज में कोई भूखा है, तब तक सेवा का यह यज्ञ अनवरत चलता रहेगा।"

उन्होंने आगे कहा कि मानव सेवा के माध्यम से ही ईश्वर की वास्तविक आराधना संभव है और शिव पार्वती रसोई परिवार इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।




इस पुनीत अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्यूष यादव, डॉ. सतवीर चौहान, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश कुमार भारती, हरि ओम शर्मा, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। शिव पार्वती रसोई परिवार का यह सेवा अभियान आगे भी इसी श्रद्धा, विश्वास और मानव कल्याण की भावना के साथ जारी रहेगा।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने एएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की स्पोर्ट्स मीट



**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा रविवार को ए.एम. वर्ल्ड स्कूल परिसर में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट मैच धुरंधर-11 एवं बॉर्डर-11 टीमों के बीच खेला गया, जिसमें धुरंधर-11 ने 24 रन से विजय प्राप्त की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रो. पवन गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर रोटेरियन राहुल बिंदल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दीपेश गुप्ता ने उनका तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस जनरल मीटिंग को खेल उत्सव का रूप दिया गया, जिसमें सभी रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों के लिए स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया।

# ब्लॉक में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडापांडे।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व मुंडापांडे ब्लॉक में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा ग्राम भदासना से प्रारंभ होकर मुंडापांडे, खाईखेड़ा, बिनावाला, खबड़िया, बरबारा, सिहोराबाजे, गणेशघाट, सहरिया हिरनखेड़ा, भीतखेड़ा, मनकरा होते हुए विधायक के कैंप कार्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज पर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और हाथों में तिरंगा झंडा लेकर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साह से भरा रहा। यात्रा के समापन पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए युवाओं से अपील की कि वे देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद रखें। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है।

## रिश्तेदार बताकर, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से ऑनलाइन ठगी का प्रयास

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा के कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि उनके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें उसने कहा कि वह आपकी रिश्तेदार बुआ का लड़का बोल रहा है। उनसे उसने जान पहचान बताकर अपने जाल में फंसने की कोशिश की। इसके बाद उसने कहा कि उसे 10 हजार रूपए की सख्त जरूरत है वह उसके खाते में डाल दें। उसने कहा कि वह आपके रुपए जल्द ही वापस कर देगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक समझ गए कि वह व्यक्ति उनके साथ ऑनलाइन ठगी का प्रयास कर रहा है। इस पर उन्होंने जब उसके साथ कड़ाई से बात की तो आरोपी ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा मनोज परमार पहले साइबर थाने के प्रभारी भी रह चुके हैं।

## एफआर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं एवं नए मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदाता बनने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने, जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महफूज आजमवादी, सभासद जाकिर सलमानी, फखरे आलम, मतीन नवाज, हाजी राशिद, तनवीर सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का भी सराहनीय सहयोग रहा।
























शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 26 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संविधान हमारी आत्मा

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 77वां गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां हैं जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल और बीटिंग द रिट्रीट समारोह पहले से ही सभी भारतीय राज्यों की राजधानियों में पूरे जोरों पर किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष इसकी तारीख, इतिहास, महत्व और थीम क्या है? भारत प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाता है। इस वर्ष यह दिन सोमवार को पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। भारत को 1947 में ब्रिटिश राज से आजादी मिली, लेकिन 26 जनवरी, 1950 तक भारत का संविधान लागू नहीं हुआ था। संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। गणतंत्र दिवस स्वतंत्र भारत की भावना का स्मरण कराता है क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक शासन से पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। गणतंत्र दिवस भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने की शक्ति का भी स्मरण कराता है, इसलिए देश इसे भारतीय संविधान की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है। देश में गणतंत्र दिवस समारोह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रपति देश के योग्य नागरिकों को पद्म पुरस्कार वितरित करते हैं। साथ ही बहादुर सैनिकों को परमवीर चक्र, अशोक चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस परेड का लाइव प्रसारण और वेबकास्ट भी हर साल किया जाता है। ताकि लोग आसानी से परेड को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है।

## बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए



गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है, राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है, 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं, 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, खेल-कूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं, महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है, नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी, वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# आज के बच्चे और युवा ही हैं आने वाले भारत की सबसे बड़ी ताकत



26 जनवरी 2026 को जब हम भारत के गणतंत्र बनने के 76 वर्षों का उत्सव मनाते हैं, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है कि आने वाले भारत की दिशा, दशा और पहचान हमारे बच्चों के हाथों में सुरक्षित है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और इन्हीं अधिकारों व कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज के बच्चों पर है। बच्चे केवल कल के नागरिक नहीं हैं, वे आज के सक्रिय सहभागी भी हैं, जिनकी सोच, ऊर्जा और कल्पनाशीलता भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

भारत एक युवा देश है, जहां जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवाओं का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इन बच्चों को सही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों का आधार मिले, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होगा। गणतंत्र दिवस का अर्थ केवल परेड देखना या तिरंगा फहराना नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा भारत बनाएं, जहां उन्हें समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिले। बच्चों का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार, सैनिक और नेता बनेगा। यदि बचपन में ही उनमें देशप्रेम, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक न्याय की समझ विकसित की जाए, तो वे एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखेंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का संविधान हर बच्चे को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार देता है, और समाज का दायित्व है कि इन अधिकारों को व्यवहार में उतारे। शिक्षा इस पूरे विचार की धुरी है। गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा बच्चों को न

**डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सोचने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है।**

केवल रोजगार योग्य बनाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। ग्रामीण और शहरी, अमीर और गरीब, लड़का और लड़कीकृहर बच्चे को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सो. चने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है। स्वास्थ्य और पोषण बच्चों के भविष्य का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। कुपोषण, बाल रोग और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं बच्चों की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती हैं। एक सशक्त भारत के लिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जब हम गणतंत्र दिवस पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्वस्थ बच्चों से ही होती है।

बच्चों के अधिकारों की रक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी समाज में मौजूद हैं। एक सच्चे गणतंत्र में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। कानून तभी सार्थक होते हैं जब वे जमीन पर लागू हों और समाज उन्हें स्वीकार करे। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना, उनकी भावनाओं को समझना और उनके सपनों का सम्मान करना एक जिम्मेदार समाज की पहचान है। संस्कृति और नैतिक मूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत की विविध संस्कृति, भाषाएं, परंपराएं और इतिहास बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह सिखाने का अवसर है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बच्चे अपने देश की विरासत पर गर्व करना सीखते हैं और साथ ही आधुनिक विचारों को अपनाते हैं, तब एक संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। आज का बच्चा वैश्विक नागरिक भी है। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विज्ञान, खेल, कला और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय बच्चों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि उन्हें अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं हैं। गणतंत्र दिवस पर यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि हम अपने बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें, लेकिन अपनी जड़ों से जोड़े रखें। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी बच्चों में विकसित करना समय की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी। यदि बच्चे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना सीखें, तो भारत का भविष्य अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होगा। गणतंत्र दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का भी दिन है, और इन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा वाहक आज का बच्चा है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चे भारत का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की आशा भी हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है, उनकी आंखों में नए भारत का सपना बसता है।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब तिरंगा लहराता है और राष्ट्रगान गूंजता है, तब यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बड़े सपने देखने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए भी सक्षम बनाएंगे।

सेहत का ख्याल

# वेट लॉस के लिए अपनाएं इन तरीकों को

**अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है। यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है।**



वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।

**रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर**

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है।

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊंचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम .श्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

**कसौली का इतिहास और विशेषता**

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहां आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहां की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. **मंकी पॉइंट**

कसौली का सबसे ऊंचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहां से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के .श्य साफ दिखाई देते हैं। यहां एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

2. **गिल्बर्ट ट्रेल**

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

3. **क्राइस्ट चर्च**

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियां देखने लायक हैं।

4. **सनसेट पॉइंट**

शाम के समय यहां से सूर्यास्त का .श्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

5. **कसौली**

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

**कसौली में करने योग्य गतिविधियां**

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।



कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।

दिल्ली से मुनस्यारी आराम से और बहुत कम पैसे में पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप हिमाचल रोडवेज बस सर्विस या फिर प्राइवेट बस लेकर पहुंच सकते हैं। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से कसोल के लिए डायरेक्ट बस चलती रहती हैं। दिल्ली से कसोल का जाने का बस किराया करीब 400-500 रूपए लगते हैं। हालांकि, प्राइवेट बस का किराया 1000-1500 रूपए से अधिक हो सकता है।

दिल्ली से कसोल के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं चलती है। इसके लिए आपको जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जोगिंदर नगर से बस लेकर आप कसोल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सबसे पास कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट है। कुल्लू से लोकल बस या टैक्सी लेकर आराम से पहुंच सकते हैं।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां कई होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप सस्ते में रूम बुक करना चाहते हैं, तो फिर आपको मुख्य शहर से कुछ दूरी पर बुक करना चाहिए।

कसोल में ठहरने के लिए आप यशी कसोल कॉटेज, शांति होटल, ग्रीन पार्क कॉटेज, चलो कसोल गेस्ट हाउस और शिवालय गेस्ट हाउस में रूक बुक कर सकते हैं। इस होटल और कॉटेज में करीब 500 से लेकर 800 रूपए में रूम मिल जाते हैं। इन होटल्स में खाने-पीने और वाई-फाई की भी सुविधा मिल जाती है।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां खाने-पीने जगहों की भरमार है। यहां आप स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में भी भोजन का स्वाद चख सकते हैं। (उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत वैली) कसोल में आप पारंपरिक भोजन खसखस का हलवा, कढ़ी और सिदू का स्वाद चखना ना भूलें। स्ट्रीट फूड में आप आलू टिक्की, समोसे, कचोरी और छोले भटूरे का स्वाद चख सकते हैं। वैसे जिस होटल में रूम बुक करते हैं, उस होटल में भी खाने-पीने की व्यवस्था हो सकती है।

(साभार प्रीटी)

# गाजियाबाद



## एक नजर

### फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदाफल निवासी विपिन कुमार का शव ग्राम हमीरपुर क्षेत्र में स्थित गन्ने के खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। दोपहर को खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं हल्का इंचार्ज राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र में बीते कुछ समय से लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### पीएम आवास योजना में किसी को न दें धनराशि

**बिजनौर।** परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत समस्त कार्यों का सम्पादन नगर निकाय द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के लिए कोई भी संस्था नामित नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में कार्यरत नामित संस्था क्रिएटिव कन्सयोर्टियम के किसी भी कार्मिक की कोई भी भूमिका नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 पूर्णतः नि:शुल्क है। उक्त योजना के अन्तर्गत किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न दिया जाए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि यदि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो तत्काल इसकी सूचना सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

### पैजनिया में विराट हिन्दू सम्मेलन

**हल्दौर।** गांव पैजनिया में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में धर्माचार्य महामंडलेश्वर महाराज प्रबोद्धानंद महाराज ने समाज की एकता और नैतिक मूल्यों की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, संस्कार और आपसी सहयोग से ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराज प्रबोद्धानंद ने कहा कि वर्तमान समय में समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का समाधान केवल आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही संभव है। उन्होंने सभी वर्गों से जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समाजहित में एकजुट होने की अपील की। महाराज ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नशा, हिंसा और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में आगे बढ़े, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।






# गणतंत्र दिवस को लेकर धामपुर में अलर्ट मोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसी क्रम में एएस चेक टीम द्वारा धामपुर क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सघन तलाशी एवं जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, मुसाफिरखाना, रोडवेज बस स्टैंड और नगीना चौराहे सहित विभिन्न स्थानों पर यात्रियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। एएस चेक टीम ने सबसे पहले धामपुर रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। यहां आने-जाने वाले यात्रियों की बारीकी से तलाशी ली गई, वहीं मुस्लिम मुसाफिरखाने में ठहरे यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। टीम द्वारा मुसाफिरखाने में ठहरे यात्रियों एवं उनके सामान की भी जांच की गई। इसके पश्चात टीम रोडवेज बस स्टैंड पहुंची, जहां बसों में सवार यात्रियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके।































